# सात बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किसानों द्वारा कड़ी मेहनत से तैयार की गई सात बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की चर्चा आम होने पर खेतों की ओर दौड़े ग्रामीण आग बुझाने में जुटे रहे। आग का विकराल रूप देखकर वहां मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काबू पर काबू पाया। हल्का लेखपाल ने आग से हुए नुकसान का मुआयना किया और इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है। किसानों को सरकार से आर्थिक लाभ दिलाए जाने का आश्वासन दिया गया है।

थाना क्षेत्र के राघवपुर गांव में शुक्रवार की सुबह गेहूं के खेतों में आग लग गई। धीरे-धीरे यह आग आसपास के खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को अपनी आगोश में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में किसान इंदल, मोतीलाल पुत्रगण ननकऊ निवासी करमगंज राघवपुर तथा रामलखन पुत्र रामआसरे निवासी चोखे का पुरवा मजरे राघवपुर एवं रामरती अन्य किसानों की लगभग 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हल्का लेखपाल ओम प्रकाश सोनी ने मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का जायजा लिया और अपने उच्चाधिकारी को इसकी रिपोर्ट सौंप दी है।

# अब दूधिया रोशनी से जगमगाएंगे दर्जनों गांव

- बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने से ग्रामीणों को होती थी परेशानी
- ट्रांसफार्मर लगवाने में लगाए गए चार अवर अभियंता व डेढ़ दर्जन विद्युत कर्मी

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** बिशनपुर विद्युत उपकेंद्र पर बीते कई दिनों से ट्रांसफार्मर के फुंकने से होने वाली समस्या का अब ग्रामीणों को सामना नहीं करना पड़ेगा। विभाग के जिम्मेदारों ने इसको गंभीरता से लेते हुए 10 एमवीए प्लस 5 एमवीए पावर परिवर्तक स्थापित कर विद्युत उपकेंद्र की क्षमता बढ़ा दी है। इससे अंधेरे में डूबे रहने वाले दर्जनों गांव बिजली की दूधिया रोशनी से जगमगाएंगे।

बिजली की अधिक खपत होने से 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के कारण क्षेत्र के लगभग 50 से 60 गांवों को विद्युत कटौती एवं ओवरलोडिंग की समस्या का सामना करना पड़ता था। इस ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने इस समस्या को दुरुस्त करने के लिए विद्युत उपकेंद्र पर 10 एमवीए प्लस 5 एमवीए पावर परिवर्तक स्थापित कर उपकेंद्र की क्षमता में वृद्धि का कार्य किया है।

ट्रांसफार्मर बदल जाने से अब विद्युत उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग एवं विद्युत कटौती जैसी समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। यह कार्य सुबह से प्रारंभ हो गया। इस कार्य के लिए चार अवर अभियंता तथा डेढ़ दर्जन विद्युत कर्मचारियों को लगाया गया। हाइड्रा की मदद से ट्रांसफार्मर को उतार कर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। यह जानकारी विद्युत विभाग के एसडीओ अजय कुशवाहा ने दी है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में लगभग 10 से 12 घंटे का समय लग सकता है। पूर्व में सभी उपभोक्ताओं को इसके लिए अवगत करा दिया गया है कि शुक्रवार सुबह से शाम तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।



बिशनपुर विद्युत उपकेंद्र पर उतारा जा रहा अधिक क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर।

# चार बांग्लादेशियों को पुलिस ने भेजा जेल

- रायबरेली और उन्नाव में चलाते थे दवाखाना

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र में क्लीनिक चलाने वाले फर्जी तरीके से रहे चार बांग्लादेशी नागरिको को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इनके कब्जे से बांग्लादेश के तीन पासपोर्ट भी बरामद किए है। उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरों कस्बे सहित कई जगहों पर क्लीनिक चलाने वाले चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह अपने रिश्तेदारों के साथ यहां पर क्लीनिक चलाते थे।

पुलिस को काफी समय से कस्बे में कुछ बांग्लादेशी रहने की सूचना मिल रही थी, लेकिन पकड़ ने नही आ रहे थे। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे में ही जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले कमल पुत्र दुलाल खीरो के अतरहर रोड क्लीनिक चलाता था उसकी के साथ मंतोष पुत्र नानत भी रहता था। वही तनमय पुत्र सफन हलदर क्षेत्र के महरानीगंज व इन सबको यहां लाने वाला प्रकाश हलदर पुत्र मुकुंद हलदर उन्नाव जनपद के मौरांवा में अपना क्लिनिक चलाता था। पुलिस को इनके ऊपर शक हुआ तो उसने अपनी तफ्तीश शुरू की।

सबसे पहले पुलिस ने प्रकाश को उठाया और उसने सब कुछ बता दिया तभी तीन अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी से जब वैध पासपोर्ट मांगा तो वह नही दिखा सके। कमल खीरो में अपने को बनर्जी बताता था जिससे किसी को कोई शक न हो और उसे बंगाली माना जाए। पुलिस इनके कब्जे से 1 पासपोर्ट, 4 आधार कार्ड, 2 वोटर कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस व 3 बांग्लादेशी पासपोर्ट बरामद किए है।

### लम्बे समय से रह रहे थे कस्बे में

सूत्रों की माने तो यह बांग्लादेशी काफी समय से कस्बे में रह रहे थे। पहले यह किराए के मकान में रहते थे लेकिन अब खुद की जमीन लेकर मकान बनवा लिया था। इनके साथ महिलाए भी रहती है। थाने से कुछ दूरी पर ही यह सभी रहते थे और स्थानीय पुलिस को अब तक पता नही चल पा रहा था। लेकिन अब आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### खुद को बताता था कमल बनर्जी

कस्बे में दवाखाना चलाने वाला कमल खीरो में पहले किराए के मकान में रहता और वह खुद को कमल बनर्जी बताता था जबकि उसकी दुकान आज भी किराए की है। बात यह है कि क्या कभी पुलिस ने कस्बे में रह रहे बाहरी लोगो की जांच पड़ताल नही की, अगर की तो इन्हें पकड़ क्यों नही पाई। वही किराए पर रखने वालो ने इइसे कागज क्यों नही लिए। इन्हें क्लीनिक चलाने का अगर लाइसेंस दिया गया तो इनकी जांच क्यों नही हुई।

# भाजपा नेता ने की नुक्कड़ सभा

**बछरावां, रायबरेली।** विकास क्षेत्र की सुदौली ग्राम सभा के सेक्टर रामपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह व विशिष्ट अतीत के रूप में पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने शिरकत की। नुक्कड़ सभा में 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, मंडल महामंत्री मयंक रंजन द्विवेदी, रामपुर सुदौली शक्ति केंद्र संयोजक वीरेंद्र त्रिवेदी सहित ग्राम सभा के समस्त बूथ अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व सदस्य उपस्थित है।

# पुरानी रंजिश में चटकी लाठियां, तीन घायल

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भुजैली गांव में पुरानी रंजिश में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगो पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। मामले में चार लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी के अंतर्गत भुजैली गांव में बीती रात ललित सिंह, सुनील और अनिल पुत्रगण शीतला बक्श सिंह के ऊपर गांव के ही लाल चन्द्र, विनोद पुत्रगण जियालाल समेत चार लोगों ने हमला बोल दिया। घायल युवक के भतीजे संदीप सिंह पुत्र शंकर बक्स सिंह का आरोप है कि घटना के समय सभी ने अचानक लाठी डंडो से हमला किया, जिसमें तीनो भाई गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना में गंभीर रूप से घायल ललित, सुनील, अनिल को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें ललित की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। संदीप सिंह ने बताया कि विनोद और लालचन्द्र से उनके परिवार की जमीन रंजिस चल रही है।

पीड़ित के मुताबिक सूची चौकी पुलिस से विपक्षी की सांठगांठ बनी है ।जिससे इनके हौसले बुलन्द रहते है। जिसके कारण बिती रात घटना को अंजाम देकर सभी फरार हो गए। वही चौकी इंचार्ज बृजेन्द्र सिंह का कहना है कि घटना में अभी किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संदीप सिंह की तहरीर पर विनोद और उसकी पत्नी, लालचन्द, राजपता पत्नी जियालाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खाटू श्याम की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के कृष्णा नगर नई बस्ती में श्री खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा, कलश यात्रा और श्याम महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यह जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर सेवा समिति के व्यवस्थापक बबलू गुप्ता, डिंपल गुप्ता, शिवा सोनी और उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि लालगंज में श्री खाटू श्याम का मंदिर बनकर तैयार है। 26 अप्रैल शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम के बीच श्री खाटू श्याम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उसके पहले कलश यात्रा का कार्यक्रम है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्याम महोत्सव भी मनाया जाएगा व्यापार मंडल अध्यक्ष ने लोगों से श्री खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने की अपील की है। बताते चले कि लालगंज में यह पहला श्री खाटू श्याम प्रभु का मंदिर होगा जो कि श्रद्धालुओं के द्वारा बनवाया जा रहा है। हालांकि लालगंज में श्री खाटू श्याम के हजारों अनुयाई हैं। प्रत्येक वर्ष श्री खाटू श्याम के कार्यक्रम होते हैं लेकिन मंदिर बनना अपने आप में एक सराहनीय और धर्मार्थ कार्य है।

# सीवर चोक, नालियों से घरों के सामने बह रहा मलबा

- सभासद का आरोप, शिकायत पर अधिशासी अधिकारी ने सीवर से मलबा साफ कराने से किया इन्कार
- नालियों में गंदगी से संक्रामक रोग फैलने की संभावना, नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश

संवाददाता, रायबरेली



सभासद रामखेलावन बारी।

**अमृत विचार :** शहर को चमकाने का दावा करने वाले अफसर किस कदर निष्ठुर हो गए हैं इसी से अंदाजा लगाया जा रहा है कि सीवर लाइन पूरी तरह से चोक है। नालियों से मलबा घरों के सामने बह रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदारों की नींद नहीं टूट रही है। स्थानीय नागरिकों और सभासदों द्वारा शिकायत का भी इन पर असर नहीं पड़ रहा है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

शहर के सत्य नगर, निराला नगर, आंशिक अयोध्यापुरी, गंगादीन का हाता आदि मुहल्लों में गंदगी का अम्बार है। यहां पुरानी सीवर लाइन है। कई सालों से सफाई नहीं कराई गई। इसके कारण मलबा लाइन में जमा हो गया है। इसके चलते गंदा पानी नालियों से होकर लोगों के घरों के सामने एकत्र हो रहा है। कई बार स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सभासद रामखेलावन बारी ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी ने सीधे तौर पर मलबा साफ कराने से मना कर दिया। नालियों की सफाई नहीं होने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। इसकी शिकायत डीएम से करेंगे।



वार्ड नंबर 32 में गंदगी से पटी नाली।



वार्ड नंबर 32 में सड़क पर लगा कूड़े का ढेर।

### सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी

सभासद का आरोप है कि सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी हो रही है। कहने के लिए वार्ड में डेढ़ दर्जन कर्मचारियों को लगाया गया है, लेकिन मौके पर महज छह से सात कर्मचारी ही आते हैं। वह भी काम कम इधर-उधर ज्यादा घूमा करते हैं। अध्यक्ष से शिकायत के बाद भी कर्मचारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

### गंदे पानी से होकर आने-जाने को विवश हैं लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर का गंदा और बदबूदार पानी के कारण घर के अंदर तक रहना दुश्वार हो गया है। नगर पालिका परिषद की उदासीनता के चलते गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। साथ ही बेसहारा मवेशियों का भी जमावड़ा रहता है। कुछ गिनी-चुनी गलियों में ही फागिंग होती है।

### सभासद दबाव बनाने के लिए कर रहे शिकायत- ईओ



अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह का कहना है कि सभासद राम खेलावन द्वारा लगातार दबाव बनाने के लिए ऐसी अकसर शिकायत करते रहते हैं। हम सीवर मेनहोल में किसी को अंदर नहीं उतार सकते हैं। सफाई के लिए नगर पालिका के पास कोई संयत्र भी नहीं है। आरोप पूरी तरह से गलत हैं।

अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह

# रेलवे स्टेशन पर पेयजल व्यवस्था धड़ाम

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** रेलवे प्लेटफार्म पर पानी की व्यवस्था न होने से यात्रियों को भटकना पड़ रहा है। प्लेटफार्म पर लगा हुआ फ्रीजर आरो खराब पड़ा हुआ है। प्लेटफार्म पर लगे हुए इंडिया मार्का हैंडपंप भी खराब है। आने वाले यात्रियों को पानी पीने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। डलमऊ जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर फ्रीजर आरो लगा हुआ है जो कई महीने से खराब पड़ा हुआ है। रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग आधा दर्जन ट्रेन गुजरती है जिससे हजारों की संख्या में यात्री सफर करते हैं, लेकिन रेल कर्मियों की लापरवाही के चलते प्लेटफार्म पर पानी पीने की व्यवस्था नहीं है। एकमात्र लगा हुआ फ्रीजर आरो खराब पड़ा हुआ है। प्लेटफार्म पर लगे हुए इंडियामार्का हैंडपंप भी खराब पड़े हुए हैं। ट्रेन पकड़ने आये यात्री सुरेश, अशोक व अवधेश ने बताया कि प्लेटफार्म पर पानी पीने की व्यवस्था नहीं है। प्लेटफॉर्म भी खराब पड़ा हुआ है। जगह-जगह गिट्टिया फैली हुई है, जिससे आने वाले बुजुर्ग यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मार्च महीना प्रारंभ हो गया है। गर्मी भी प्रारंभ हो रही है। ऐसे में यात्रियों को पानी की व्यवस्था चाहिए, लेकिन रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधाओं को नजर अंदाज कर रहा है। प्रतिदिन ट्रेन पर सफर करने आने वाले यात्रियों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। मजबूरी में यात्रियों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। प्लेटफार्म पर कैंटीन की भी व्यवस्था नहीं है जिससे लोगों को पीने का पानी मिल सके।

# ट्रक-कार की टक्कर से कार चालक घायल

राही, रायबरेली

**अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर ट्रक और कार की सीधी टक्कर से कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से घायल को बेलाभेला सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार शाम जगतपुर थाना क्षेत्र निवासी भीम सिंह यादव पुत्र यशवंत लाल यादव कार लेकर जगतपुर की ओर से रायबरेली की तरफ आ रहा था तभी तेज रफ़्तार ट्रक रायबरेली से ऊंचाहार की ओर सीमेंट लेकर जा रहा था। कुचरिया स्थित पेट्रोल पंप के समीप दोनों की सीधी टक्कर हो गई। जिससे कार चालक भीम सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से सीएचसी बेला भेला लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दरोगा अजीत सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ।

# कम्पोजिट विद्यालय में एमडीएम का सामान चोरी

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालय में रखा मिड्डे मील का सामान चोरों ने पार कर दिया। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बघई अहलावर ग्रामसभा के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में बीती रात चोरों ने रसोईघर का ताला काटकर उसके अंदर रखा हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। ग्रामीण व प्रधानाध्यापक शैल कुमारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि रसोईघर में रखा हुआ एक सिलेंडर, चार भगौना, चिमचा, बाल्टी, 70 थाली, 2 जग, लोटा, 35 प्लेट, 15 कटोरी, 100 गिलास आदि हजारों रुपये का सामान उठा ले गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य कमरों में रखा अन्य सामान सुरक्षित है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान शिवकिशोर यादव, एसएमसी अध्यक्ष ननकऊ सहित गांव में अन्य संभ्रांत लोगों ने पुलिस चौकी में पहुंचकर सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने कहा कि जल्द ही इस चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

### विद्यालयों में चोरी की नहीं दर्ज होती एफआईआर

**महराजगंज।** कस्बे में पुलिस की रात्रिगशत न होने से परिषदीय विद्यालयों में चोरी की वारदातों को अंजाम देना लोकसभा चुनाव की चल रही आंधी में चोरों के लिए इन दिनों और आसान हो गया है। प्रधानाध्यापक भी पुलिस को सूचना देकर कोर्ट के चक्कर लगाने से बेहतर एक सूचना देकर इतिश्री कर लेते हैं। वही पुलिस भी चोरी के मामलों में एफआईआर न दर्ज करके मामले से अपना पल्ला झाड़ रही है। कोतवाली क्षेत्र में यह कोई पहला वाकया नहीं है। इसके पूर्व भी इस तरह की अन्य कई वारदातें हो चुकी हैं लेकिन अब तक पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लग सका है। शायद इसका यही कारण है कि चोरों के हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। विभाग के अधिकारी भी चोरों से बहुत ही परेशान हैं।

# श्रीकृष्ण ने एक उंगली से उठाया गोवर्धन पर्वत, इंद्र का तोड़ा घमंड

शिवगढ़, रायबरेली

- खरगी खेड़ा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के खरगी खेड़ा मजरे ओसाह स्थित सर्वेश्वर मन्दिर में चल रही संगीतमयी दिव्य श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित शिवकुमार महराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद मामा कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपने राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं।

इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र का घमण्ड टूट गया और उन्होंने एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर दिया। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। कथा का आयोजन रामसागर त्रिवेदी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 15 अप्रैल से प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11 तक कथा का आयोजन होता है। 21 अप्रैल को कथा का समापन होगा जिसके उपलक्ष्य में 22 अप्रैल को ब्रह्म भोज का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर आशीष कुमार त्रिवेदी, राम सजीवन शास्त्री, राम प्रकाश त्रिवेदी, रामविलास त्रिवेदी, राकेश कुमार त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज, रामलोचन पांडेय, सुशील मिश्रा, पारस त्रिवेदी, बच्चू लाल त्रिवेदी, सदानन्द त्रिवेदी, कमल कुमार मिश्रा, दिलीप कुमार पांडेय साहित्य सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास।

## सार-संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** मोटर साइकिलों की टक्कर में घायल बुजुर्ग की इलाज दौरान मौत हो गई। मकान बनाने के लिए मैटेरियल खरीदने आए गनेशपुर कुशमहुरा निवासी कालीचरण ट्रेडर्स की दुकान से वापस जा रहे थे। तभी चंदापुर चौराहे के निकट अज्ञात मोटर साइकिल सवार ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल बुजुर्ग को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां से बुजुर्ग कालीचरण की एम्स अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौत की सूचना होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### किराना की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र में शॉर्ट-सर्किट से किराने की दुकान में आग लगने की घटना हुई है। आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ऐहार गांव का है, जहां देर रात बबलू चौरसिया जनरल स्टोर में शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि वहां पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक आग से लगभग 8 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

### आग से जली गेहूं की फसल

**सरेन, रायबरेली।** शुक्रवार की दोपहर को अज्ञात कारणों से लगी आग से दो किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू किया। थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव के रहने वाले मुन्ना बाजपेई की गेहूं की फसल में आज दोपहर को अचानक आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। कई गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आज की लपटों से जूझने लगे लेकिन पांछुवा हवा के रुख से आग राजेश पासवान के खेत में भी पहुंच गई और डेढ़ बीघा फसल जल गई। जब मुन्ना वाजपेई की ढाई बीघा फसल आग से नहीं बचाई जा सकी। हल्का लेखपाल ने बताया कि अभी मौके पर पहुंच रहा हूं।

### आग से 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख



खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मचारी।

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बहुदाखुर्द में अज्ञात कारणों से आग लगने से 20 बीघे से अधिक गेहूं की फसल एवं खेतों लगा भूसा जलकर खाक हो गया। वहीं बैंती में बिजली के तारों में शार्ट-सर्किट होने से करीब एक बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बैंती में तो किसानों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया, किन्तु बहुदाखुर्द में जब तक जाकर काबू पाया जाता तब तक 20 बीघे से अधिक गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। बहुदा खुर्द में शुक्रवार को करीब 12 बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे खेतों में खड़ी एवं कटी पड़ी गेहूं की फसल और भूसा जलकर राख हो गया। किसानों की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग बुझाया। आग की इस घटना में रामचंद्र का एक बीघा, सतीश का एक बीघा, गया प्रसाद का एक बीघा, संत प्रसाद का डेढ़ बीघा सहित दर्जनों किसानों की फसल जलकर राख हो गई है। हल्का लेखपाल रामेंद्र मोहन बाजपेई ने बताया कि 20 बीघा से अधिक की गेहूं की फसल जल गई है। जिन किसानों का नुकसान हुआ है। मुआवजा के लिए तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### दावत में गए युवक की बाइक चोरी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** आजकल मांगलिक कार्यक्रमों में वाहन चोरी की लगातार घटनाएं हो रही है। गुरुवार की शाम तिलक समारोह में दावत खाने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने शुक्रवार को मामले की लिखित तहरीर कोतवाली में दी है। क्षेत्र के गांव मुरारमऊ निवासी रावेंद्र पांडेय गुरुवार की शाम को पड़ोस के गांव बीकरगढ में एक तिलक समारोह में दावत खाने बाइक से गए थे। उनका कहना है कि उन्होंने तिलक पंडाल के पास अपनी बाइक खड़ी करके अंदर चले गए। दावत खाकर जब वह बाहर लौटे तो बाइक गायब थी। इसके बाद वहां अफरा तफरी मच गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत की है।

### वार्षिकोत्सव एवं राज योग शिविर कल

**लालगंज, रायबरेली।** ब्रह्मकुमारीज संस्था का वार्षिकोत्सव एवं राज योग शिविर महोत्सव कल रविवार को होगा। यह जानकारी देते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि प्रत्येक वर्षों के भांति इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। यह कार्यक्रम ब्रह्म कुमारीज शाखा महेश नगर लालगंज में आयोजित हो रहा है। शिविर में राज योगिनी ब्रह्मकुमारी गिरिजा देवी दीदी व राज योगिनी ब्रह्मकुमारी अर्चना दीदी का मार्गदर्शन भक्तों को मिलेगा। यह महोत्सव ईश्वरीय कार्यो के 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद हो रहा है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अन्तर्गत हैदरगढ़-महराजगंज मार्ग पर देर रात सड़क हादसे में घायल युवक की जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। महराजगंज थाना क्षेत्र के अशरफाबाद गांव के रहने वाले राम कुमार (26) पुत्र शत्रोहन देर रात बाइक से अपने घर लौट रहे थे तभी हैदरगढ़-महराजगंज मार्ग पर गऊघाट के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिन्हे आनन-फानन में एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था कि तभी अस्पताल पहुंचने से पहले उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। शुक्रवार की सुबह जिला अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंचे पुलिस चौकी इंचार्ज श्रवण कुमार श्रीवास्तव ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि देर रात की घटना है। सुबह अस्पताल की सूचना पर चौकी इंचार्ज पहुंचें है और शव को पीएम को भेजा जा रहा है।

### भंडारा सम्पन्न

**सेमरी, रायबरेली।** खीरों विकास क्षेत्र के भागूखेड़ा गांव में श्रद्धा,भक्ति व विश्वास की डोर से बंधे मुक्तेश्वरी धाम मे भक्तो ने श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ कर भव्य भंडारे का आयोजन किया। जहां पर साधु-संतों के साथ हजारों की संख्या में भक्तों की उमड़ती भीड़ ने प्रसाद छका। इस मौके पर शिवा पाल,विजय पाल , अनंतू, दीपक, अनुराग त्रिवेदी आदि क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### भीषण आग से गेंहू की फसल जलकर हुई राख

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र में गोपालपुर के राजकीय पालिटेक्निक कालेज के सामने गेंहू में भीषण आग लगने से दर्जनों बीघा फसल जलकर राख हो गई। बताया जाता है आग इतनी विकराल थी कि करीब चालीस बीघा फसल उसकी चपेट में आ गई। करीब एक घंटे तक आग का तांडव चला। फायर बिग्रेड और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से गोपालपुर और बरुवा गांव के दर्जनों ग्रामीणों की फसल का नुकसान हुआ है।

# लगेज की तरह ई-रिक्शों में ढोये जा रहे स्कूली बच्चे

**लापरवाही**

▶▶ पुलिस के साथ अभिभावक भी नहीं दे रहे ध्यान, जान जोखिम में डाल पहुंचते हैं स्कूल व घर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर में ई-रिक्शा क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को बैठाकर स्कूल पहुंचा रहे हैं। गंभीर सवाल यह है कि परिवहन विभाग स्कूल के अन्य वाहनों की जांच करता है मगर ई-रिक्शा की जांच नहीं करता। बच्चे भी जल्दी घर व स्कूल पहुंचने के साथ कम किराए में ई-रिक्शे की सवारी कर जान जोखिम डालने में परहेज नहीं कर रहे हैं। पुलिस और अभिभावक भी इस पर गंभीर नहीं दिख रहे हैं।

अभियान के तहत टीम ने पड़ताल की तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। बच्चों को स्कूल पहुंचने वाला हर पांचवां वाहन ई-रिक्शा मिला। स्कूल व कॉलेज के बाहर ई-रिक्शा बच्चों को लाने-ले जाने के लिए भीड़ लगाए रहते हैं। कुछ तो प्राइवेट वाहन भी लाइन में लगे रहते हैं। मानकों को दरकिनार कर बच्चों को ठूंसकर ई रिक्शा से ढोया जा रहा है। हाल में देवा के निकट हुए हादसे के बाद भी तीन बच्चों की जान जाने के बाद भी जिला प्रशासन, पुलिस, यातायात और परिवहन अधिकारी सबक सीखने को तैयार नहीं। डग्गामार वाहनों से स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा है। 40 फीसदी बच्चे ऑटो, रिक्शा व स्कूली वाहन के माध्यम से स्कूल आते जाते हैं।

### अभिभावक भी नहीं दे रहे इस ओर ध्यान

शहर में चल रहे स्कूली ऑटो में न सिर्फ क्षमता से अधिक बच्चे बैठाए जा रहे हैं। बल्कि उनमें आवश्यक सावधानियां भी नहीं बरती जा रही है। बावजूद इसके अभिभावक भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वे भी बच्चों की जान जोखिम में डालकर उन्हें लापरवाह ऑटो चालकों के साथ स्कूल भेज रहे हैं।

### स्कूलों से चलते हैं डग्गामार वाहन

स्कूल प्रबंधन को निर्देश होने के बाद भी डग्गामार वाहनों से बच्चों को ढोए जा रहे हैं। फिर भी प्रबंधन मूकदर्शक बना रहता है। कई स्कूलों में तो डग्गामार वाहनों में कर्मचारी ही बच्चों को बैठाते हैं। कुछ स्कूल प्रबंधन ने आरोप से बचने को बाहर से बच्चों को बैठाने की छूट उन्हें दी है



जान जोखिम में डालकर सफर करते स्कूली बच्चे। अमृत विचार


निजी वैन से जाते स्कूली बच्चे। अमृत विचार


स्कूटी से जाते तीन छात्र। चालक ने हेलमेट भी नहीं लगाया।

### बिना हेलमेट तीन सवारी फर्राटा भर रहे छात्र

नाबालिग बच्चे भी धड़ल्ले से बेरोकटोक वाहन को सड़क पर दौड़ा रहे है। ये स्कूली बच्चे दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी के साथ तेज रफ्तार के साथ फर्राटा भरते दिखे। हेलमेट लगाना यह अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

"नियमों को ताक पर रखकर जो वाहन स्कूली बच्चों को ढो रहे हैं। उनके खिलाफ विभाग लगातार अभियान चलाता है। आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर ऐसे वाहनों को सीज भी कराया जाएगा।"
–अंकिता शुक्ला, एआरटीओ प्रशासन

"ऐसे वाहनों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चला कर कार्रवाई की जाती है। मामले को गम्भीरता से लिया जाएगा। दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन सख्ती से कराया जाएगा।"
–रामयतन यादव, यातायात प्रभारी

**मतदाता जागरूकता को अमृत विचार की मुहिम**

# घर से ही मत दे सकते हैं 40% से अधिक दिव्यांग



मतदाता के सवाल का छात्रा ने चित्र के माध्यम से दिया जवाब।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

आज की कलाकृति में जमील-उर-रहमान किदवाई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की बारहवीं की छात्रा निदा बानो ने दिव्यांग मतदाताओं के वोट डालने से संबंधित सवाल का जवाब दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसी ही सुंदर चित्रों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिससे जनपद इस चुनाव में मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान गढ़ सके।

**एक नजर**

### 38 आरोपियों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 38 व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्यवाही की गई। जबकि 7 वांछित व एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 10 लाख की मार्फीन के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस टीम ने बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम बरौलिया निवासी गिरीजा प्रसाद व पवन कुमार वर्मा को 95 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। मार्फीन की अन्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 लाख की बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

### पकड़ा गया वांछित

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा अलग- अलग मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आलागनी मजरे मालिनपुर थाना क्षेत्र रामसनेही घाट निवासी आकाश पाण्डेय को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम ददौरा के निकट अनियंत्रित कार दो बाइकों में टक्कर मारकर फरार हो गई। घटना में बाइक सवार दंपति सहित चार लोग घायल हो गए। ग्राम धौखरिया निवासी कमलेश व आशीष शुक्रवार को बाइक से घर जा रहे थे। जब वह चंदेल भट्ठा के निकट पहुंचे, पीछे से आ रही कार ने उनको व उसी दिशा में बाइक से जा रहे बुढ़वल निवासी नंदकुमार व उनकी पत्नी प्रियंका को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गयी। सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा ग्रामीणों ने घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां से नंदकुमार व आशीष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मतदान से पहले 50 से अधिक मॉकपोल कराना जरूरी

## सभी दलों के एजेंट से कराएं बराबर की संख्या में मॉकपोल, पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम ने लिया प्रशिक्षण

**निर्देश**

▶▶ जीआईसी ऑडीटोरियम में हुआ आयोजन, अनुपस्थित कार्मिकों पर दर्ज होगा केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि उन्हें मतदान से पहले 50 से अधिक की संख्या में मॉकपोल कराना होगा। इसके लिए बूथ पर मौजूद सभी प्रत्याशियों के एजेंटों के माध्यम से मतदान कराना होगा और इसके बाद उसकी गिनती कराकर एजेंट को बताना भी होगा। याद रहे कि सभी प्रत्याशियों के एजेंटों से बराबर की संख्या में मॉकपोल कराना है। कम से कम चार मॉकपोल कराना जरूरी होगा। निर्वाचन से जुड़ी कुछ ऐसी ही जानकारी शुक्रवार को शहर के जीआईसी आडीटोरियम में लोकसभा निर्वाचन को लेकर आयोजित पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम के पहले दिन के प्रशिक्षण में प्रशिक्षक आशीष पाठक ने दी। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार, प्रशिक्षण प्रभारी व सीडीओ अ.सुदन समेत कई आलाधिकारी मौजूद रहे।

प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि पोलिंग पार्टियां मतदान के एक दिन पहले बूथ पर पहुंच कर वहां मतदान संबंधी सभी व्यवस्थाएं पीठासीन अधिकारी की देखरेख में होंगी। भारत निर्वाचन आयोग अयोग के निर्देशानुसार मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा। पीठासीन और मतदान अधिकारियों के अपने- अपने दायित्व हैं। इनका अनुपालन आपको करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान मंच पर बूथ का रूप देकर कार्मिकों को बैठा कर मतदान करने का रिहर्सल भी कराया गया। इस दौरान रिहर्सल के माध्यम से मौजूद कार्मिकों को यह भी बताया गया कि अगर कोई भी मतदाता मतदान करने आता है और उसे मतदाता सूची में मृतक दिखाया गया है तो ऐसी स्थिति में भी कुछ जरुरी कार्रवाई पूरी कर आयोग द्वारा बनाई गई व्यवस्था में उससे वोट डलाया जाएगा। वोटर से शपथ पत्र भी भराया जाएगा। इसी प्रकार चुनाव से जुड़ी कई अन्य जानकारी कार्मिकों को दी गईं।

वहीं इसके बाद बगल के जीआईसी कक्ष में बैलेट व कंट्रोल यूनिट व वीवी पैट को जोड़ने आदि का प्रैक्टिकल भी किया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को अंतिम दिन प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कार्मिकों से कहा कि वह गंभीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मतदान में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान कोई भी ऐसा कार्य या आचरण न करें, जिससे आपकी सत्यनिष्ठा पर उंगली उठ सके। उन्होंने प्रशिक्षण में गैर हाजिर मतदान कार्मिकों के विरुद्ध सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिए।


मतदान कार्मिकों को दिशा-निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार।


प्रशिक्षण के दौरान बारीकियों को समझते मतदान कार्मिक। अमृत विचार


मतदान करने का रिहर्सल करते कार्मिक। अमृत विचार

### पहले दिन अनुपस्थित रहे 40 कार्मिक

जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शुक्रवार से शुरु हुए कार्मिकों के चुनावी प्रशिक्षण में पहले ही दिन कुल 40 कार्मिक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे। इनमें सुबह की पॉली में 24 तो शाम की पॉली में 16 कार्मिक शामिल हैं। अनुपस्थित रहने वाले यह सभी कार्मिक पीठासीन बताए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट में अपने संबोधन में पहले ही अवगत कराया है कि प्रशिक्षण से गायब रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा विभागीय कार्रवाई करने की चेतवानी दी गई है।

### पंखा, कूलर व पानी का रहा इंतजाम

भीषण गर्मी के बीच शुरु हुए प्रशिक्षण में जिला प्रशासन ने पंखा, कूलर व पानी आदि की समुचित व्यवस्था कराई है। धूप व गर्म हवा से बचने के लिए ऑडिटोरियम को त्रिपाल आदि से कवर्ड कराया गया है। इसके साथ ही ठंडा पानी आदि के साथ पंखे व कूलर आदि की व्यवस्था कराई गई है। ताकि गर्मी को लेकर किसी भी कार्मिक को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। यही व्यवस्था जीआईसी कक्ष में भी की गई है।

### काउंटरों पर तैनात रहे कर्मचारी

प्रशिक्षण लेने आने वाले कार्मिकों को उनके समुचित स्थान पर बैठाने के साथ अन्य किसी प्रकार की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण स्थल पर कई काउंटर बनाए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इन काउंटरों पर कार्मिकों के प्रशिक्षण में भाग लेने संबंधी सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एक काउंटर पर तो कार्मिकों की हाजिरी भी ली जा रही है, ताकि यह ज्ञात हो सके की प्रतिदिन कितने कार्मिक अनुपस्थित हो रहे हैं।

### पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हो रहा अवैध खनन

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** अवैध खनन करने वालों में पुलिस का भी खौफ नहीं दिख रहा। वे धड़ल्ले से ग्राम समाज की जमीन पर भी खनन कर रहे हैं। शिकायत पर डीएम ने एसडीएम को जांच के आदेश दिए हैं। सतरिख थाना क्षेत्र के मानपुर राह पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एक भट्ठा कारोबारी उपेंद्र मिश्रा, निप्रेन्द्र मिश्रा व विनीत द्विवेदी द्वारा रात में बीते एक सप्ताह से लगातार जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉली से अवैध खनन कराया जा रहा है और मिट्टी निकट के ही भट्ठे पर डंप की जा रही है। कुछ स्थानीय लोगो ने पुलिस चौकी से लेकर राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक से भी शिकायत की। उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि जहां पर अवैध खनन हो रहा है वहां पर 8 फीट से भी अधिक खनन कर लिया गया है। जिससे बगल के खेतों पर बरसात के दौरान मिट्टी बह जाने का खतरा बन सकता है। इतना ही नहीं गांव की ग्राम समाज, नाली व चकमार्ग पर भी अवैध खनन कर लिया गया है। इसके अलावा इन लोगों के द्वारा जिन भट्टे का संचालन किया जा रहा है, उसका भी प्रदूषण विभाग से एनओसी भी नहीं जारी है। साथ ही भट्टे का भी अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। मानपुर गांव के पीड़ित नवीन मिश्रा ने शुक्रवार को डीएम से मिलकर इस मामले की शिकायत की। इसपर डीएम ने एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी को जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम सदर का कहना है कि अवैध खनन की शिकायत मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। अगर इसमें सच्चाई है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**सार-संक्षेप**

### भाजपा का 400 सीटों का सपना नहीं होगा पूरा : सुरेश यादव


जनसंपर्क करते तनुज पुनिया और सुरेश यादव। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को सपा के सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव के साथ विकास खण्ड देवां की कई ग्राम पंचायतों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान सपा विधायक सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा का 400 सीटों का सपना अब सपना ही रह जाएगा। वह पूरा नहीं होगा। इण्डिया गठबंधन भाजपा को करारी शिकस्त देकर देश में सरकार बनाएगा। वहीं तनुज पुनिया ने कहा कि आज देश के सबसे बड़ी समस्या मंहगाई, बेरोजगारी है, लेकिन इसके बारे में न तो देश के प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और न ही भाजपा। देश की जनता अब इस बात को समझ गयी है कि इनकी सरकार रहते हुए देश की जनता को इससे निजात नहीं मिल सकती।

### बड़ा शिवाला मंदिर परिसर में जगराता का हुआ समापन


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सतरिख स्थित सप्तश्रृषि आश्रम के पास बड़ा शिवाला मंदिर परिसर में जगराता महामाई का कार्यक्रम गुरुवार देर रात चलता रहा। उसके बाद शुक्रवार को कन्या भोज एवं ज्योति विसर्जन के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ। दरअसल रामनवमी को लेकर यहां लगातार 10 वर्षों से कार्यक्रम हो रहा है। मां वैष्णो जागरण समिति के द्वारा कायस्थाना मोहल्ले के बड़ा शिवाला मंदिर परिसर में जगराता भव्य जागरण रूप का आयोजन किया गया। कानपुर की शैलजा कपूर ने जगराता में जिस भजन में मां का नाम ना हो उसे गाना नहीं चाहिए, जिस जगह पर अपना काम ना हो वहां जाना नहीं चाहिए भजन कीर्तन गाया। संस्कृत भजन के गानों पर कुछ बच्चों के द्वारा नृत्य भी किया गया। शाहजहांपुर के कलाकार शुभम रंगीला, कानपुर की शैलजा कपूर, अयोध्या धाम के रिजु राम, मुरादाबाद के मिस्टर दारा झांकी ग्रुप द्वारा अद्भुत झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अलौकिक श्रृंगार व अन्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। उसके बाद कन्या भोज एवं ज्योति विसर्जन किया गया है। इस मौके पर सदस्य राहुल जायसवाल, आशीष जायसवाल, अनुराग मौर्य, विनय जायसवाल, दीपेश श्रीवास्तव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### नहर में पानी न आने से किसान परेशान


सूखी पड़ी प्यारेपुर नहर। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** किसानों को जब पानी की आवश्यकता है। तब बाराबंकी प्रखंड शारदा नहर से निकली प्यारेपुर रजबाहा नहर सूखी पड़ी है। जिससे किसानों को महंगा डीजल खरीद कर सब्जी व मेंथा सहित अन्य फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों की मांग है कि नहर में पानी छोड़ा जाए। जिससे मेंथा सहित अन्य फसलों की सिंचाई की जा सके। विकासखंड रामनगर के ग्राम अमलोरा, निजामपुर, चुरलिया, अशोकपुर चाचू सराय सहित सैकड़ों गांवो के किसान मेंथा सहित तमाम प्रकार की सब्जियां व फसलों की सिंचाई के लिए गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे हैं। इन गांवो के निवासी मनोज, मिलान, प्यारेलाल, शत्रोहन, संदीप देशराज, कन्हैयालाल सहित तमाम किसानों का कहना है कि चिलचिलाती धूप में एक ओर फसल में पानी लगाते हैं। तो दूसरी तरफ एक सप्ताह के अंदर ही पुन: फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है। महंगाई के चलते फसल में लगाई गई लागत भी नहीं निकल पाती है। गरीब किसान महंगा डीजल खरीद कर फसल की सिंचाई कर रहे हैं। यदि नहर में पानी छोड़ दिया जाए तो फसलों की सिंचाई कर अपना खर्च बचा सके। किसान खेती के सहारे ही अपने परिवार का भरण पोषण भी करता है।

# जंगल में लगी आग खेतों तक पहुंची, फसल जली

सतरिख, बाराबंकी


हरख वन क्षेत्र के सेठमऊ गांव के पास जंगल में लगी आग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वन विभाग के जगल में लगी आग की लपटों ने थोड़ी ही देर में पास के गांव के किसानों की गेहूं की फसल को अपनी जद में लेकर राख कर दिया। आग कि लपटें इतनी तेज थी कि हवा के झोंके के साथ आस- पास के गांव को भी अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी मिलते ही वन विभाग व पुलिस की टीम के साथ फायर ब्रिगेड की तीन गाडियों के साथ फायर बिग्रेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया और उसे बुझाने में सफल रहे। पूरा मामला हरख वन क्षेत्र के सेठमऊ गांव के पास वन विभाग के सरकारी जंगल का है। जंगल में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग थोड़ी ही देर में इतना भयानक रूप ले चुकी थी कि पूरा जंगल उसकी चपेट में आ गया यही नहीं थोड़ी ही देर में पास के गांव गोकुलपुर और हेतमपुर आग की लपेटे में आ गया और जंगल के बगल के गेहूं के खेत में खड़ी फसल को जलाकर राख कर दिया। हलांकि स्थानीय ग्रामीणों ने आग को बुझाने के तमाम तरह की कोशिश की लेकिन लपटें इतनी तेज थी कि ग्रामीणों को निराशा ही हाथ लगी। जानकारी मिलते ही आनन -फानन में चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह खरवार, वन क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, वन दरोगा सचिन पटेल, रामदेव सहित वन विभाग के लोग मौके पर पहुंचें और फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को बुलाना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह खरवार का कहना है कि आग से कोई खास क्षति नहीं हुई है, और आग पर काबू पा लिया गया है।

# दबंग फिर कर रहा है भूमि पर कब्जे का प्रयास

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खंड त्रिवेदीगंज की शाहपुर भक्तन ग्राम पंचायत की महिला प्रधान शैल कुमारी ने ग्राम समाज की भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्ति पर एक बार पुनः कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामनिवास त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम पंचायत में स्थित भूमि जो राजस्व अभिलेखों में सामुदायिक मिलन केंद्र के लिए आरक्षित है। उस पर एक दबंग द्वार जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा था। जिसकी शिकायत प्रधान द्वारा 20 मार्च को एसडीएम से की गई थी। जिस पर पांच अप्रैल को पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवाकर सामुदायिक मिलन केंद्र व पंचायत भवन की भूमि ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दी गई थी। साथ ही अन्य अवैध कब्जदारों पर विधिक कार्रवाई के लिए पत्रावली उच्च अधिकारी को भेजने की बात कही गई थी। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि उक्त सुरक्षित भूमि पर दबंग द्वारा एक बार फिर से अवैध कब्जा करने की नियत से निर्माण सामग्री एकत्र कर ली गई है। यदि तत्काल कार्रवाई न की गई तो उक्त दबंग व्यक्ति दोबारा उस जमीन पर अवैध कब्जा कर लेगा।

## एक नजर

### चलती ट्रेन से गिरकर वेंडर का हाथ कटा

**बाराबंकी, अमृत विचार** : चलती ट्रेन से उतरते समय अवैध वेंडर नीचे गिर गया। ट्रेन की चपेट में आने पर उसका हाथ कट गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस उसे जिला अस्पताल ले गई। यहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। जनपद गोंडा के थाना क्षेत्र करनैलगंज निवासी 40 वर्षीय दीपक गुप्ता पुत्र भगवती गुप्ता शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस पर समोसे बेच रहा था। तभी अचानक ट्रेन चल पड़ी। चलती ट्रेन से उतरते समय वह उसकी चपेट में आ गया और उसका दाहिना हाथ कट गया। मौके पर पहुंचे लोगों और जीआरपी ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में जीआरपी प्रभारी देवंद्र नाथ द्विवेदी ने बताया कि ट्रेन से गिरकर वेंडर का हाथ कट गया। जिसे इलाज के लिये जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर लाया गया। वहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

### कार की आमने-सामने टक्कर में छह लोग घायल

**इटियाथोक, गोंडा।** गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर मिश्रा ढाबा के निकट गुरुवार की रात बोलेरो व कार में आमने सामने हुई टक्कर जिसमें 6 लोग घायल हो गए। सभी को प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो गाड़ी जो कोलुहा गोसेंद्रपुर शिव कुमार की बताई जा रही है। जो करीब 2:30 बजे के आसपास गांव के मरीज को इलाज कराने के लिए गोंडा ले जा रहे थे। मिश्रा ढाबा के पास बोलेरो गाड़ी पहुंची ही थी कि गोंडा की तरफ से आ रही कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें कार व बोलेरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।

# 109 अमृत सरोवरों में से 20 प्रतिशत का भी नहीं हो सका निर्माण

## अधिकांश में उड़ रही है धूल, कुछ आदर्श सरोवर बने नजीर, जल संचयन के लिए अमृत सरोवरों का है विशेष महत्व

जनसरोकार

**रिशु गुप्ता/विकास पाठक/ रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को अपने पाठकों व प्रशासनिक तंत्र तक पहुंचाने के लिए अभियान चला कर आम जनमानस से जुड़ी तमाम समस्याओं को उठाता रहा है। उसी कड़ी में अमृत विचार ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवरों के विकास, उसके सौन्दर्यीकरण व जल भराव की पड़ताल की। बीते साल सरकार की मंशा के अनुरूप जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक तंत्र ने अमृत सरोवरों के निर्माण और उसे स्थानीय स्तर पर पर्यटन स्तर पर विकसित करने को लेकर काफी गम्भीरता दिखाई। मगर समय बीतने के साथ ही अमृत सरोवरों के निर्माण की गति मंद पड़ती गई। सरोवरों के निर्माण के पीछे सरकार की मंशा थी कि भीषण गर्मी और लू में पशु पक्षियों को जहां प्यास बुझाने को पानी मिल सकेगा। वहीं अमृत सरोवरों के किनारे लगाये गए पुष्प और पेड़ों के लगने से आसपास के ग्रामीणों को प्राकृतिक वातावरण मिल सकेगा।

रामसनेही घाट तहसील में 109 अमृत सरोवरों को विकसित करने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता व प्रशासनिक तंत्र की गैरजिम्मेदराना कार्य शैली से अभी तक महज 15 से 20 प्रतिशत कार्य ही धरातल पर दिखाई पड़ रहा है।

रामसनेही घाट तहसील में 109 अमृत सरोवरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अकेले बनीकोडर विकास खंड में 51 अमृत सरोवरों का चयन किया गया था। जिनमें महज 38 सरोवरों में काम तो शुरू हुआ, लेकिन उनमें से लगभग सभी आधे-अधूरे पड़े हैं। जबकि 13 अमृत सरोवरों का कार्य निर्माणाधीन है। कुछ सरोवर तो इतने बेहतरीन तरीके बनाये गये हैं कि वह जिले के लिए आदर्श नजीर पेश करते दिखे। विशेषज्ञों का कहना है कि जल संचयन को लेकर भी अमृत सरोवरों का विशेष महत्व है।

> अमृत सरोवरों को लेकर जिला प्रशासन गंभी है। जल्द ही सभी अमृत सरोवर में पानी भरवाया जाएगा। जो सरोवर किसी कारण अधूरे पडे हैं। उसकी भी जांच करा कर कार्य को तेजी के साथ कराया जाएगा। बारिश से पहले सभी काम पूरे करा लिये जाएंगे।
>
> **-डॉ. विनय कुमार मिश्रा,** बीडीओ, ब्लॉक बनीकोडर

### केस 1

रामसनेही घाट तहसील के विकास खंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत सलेमपुर में सरोवर का काम अधर में लटका है। यह निर्माणाधीन सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है। हलांकि अभी यहां काम हो रहा है, लेकिन जिस गति से हो रहा है उससे तो यही लगता है कि निर्माण वर्षा ऋतु खत्म होने के बाद तक चलता रहेगा।



सलेमपुर ग्राम पंचायत में अर्द्धनिर्मित अमृत सरोवर। अमृत विचार

### केस 2



टिकरा ग्राम पंचायत में सूखा पड़ा अमृत सरोवर।

बनीकोडर के टिकरा ग्राम पंचायत के खेवराजपुर गांव किनारे बन रहे अमृत सरोवर में पानी का अकाल दिखा। सरोवर पूरी तरह से सूखा है। हालांकि सरोवर की पटरियों पर पक्की बेंच लगी हैं। रैंप सीढ़ियां भी बनी हैं। मौके पर गेट खुला मिला। अमृत सरोवर चिन्हांकन बोर्ड पर ग्राम पंचायत का नाम व कार्य आईडी मौजूद मिली,

### केस 3



रामपुर ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर में उगी झड़ियां।

विकास खंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत रामपुर में सड़क किनारे अमृत सरोवर पूरी तरह से सूखा दिखाई दिया। अमृत सरोवर चिन्हांकन बोर्ड में पंचायत का नाम व आईडी मौजूद रही, किंतु लागत का जिक्र नहीं मिला। सरोवर बांध पर खड़ंजा व रैंप एवं सीढियां मौजूद है। अमृता सरोवर में झड़िया उगी मिलीं।

### केस 4



जयचंदपुर ग्राम पंचायत का सूखा पड़ा अमृत सरोवर।

ब्लॉक बनीकोडर के ही ग्राम पंचायत जयचंदपुर में बना अमृत सरोवर भी सूखा दिखा। आस- पास के पेड़ों पर मौजूद पक्षियों के हलक सूख रहें हैं। देखा जाए तो अमृत सरोवर महज कागजी सरोवर बन कर रह गया है। हालात सूखे से भी बदतर हैं।

### केस 5



ग्रामपंचायत फतेहगंज का अमृत सरोवर।

पड़ताल में विकास खंड बनीकोडर के फतेहगंज गांव में बने अमृत सरोवर की खूबसूरती सबसे अलग दिखी। यहां पर अमृत सरोवर में ही प्रधान ने एक मंदिर की स्थापना भी कराई है। जहां पर लोग दर्शन करने के साथ-साथ अमृत सरोवर का आनंद लेने आते हैं।

# दुर्घटना में युवक की मौत, दो लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे लखनऊ के आलमबाग के ऋषभ (20), आरतीनगर के गढ़ी कनौरा निवासी गुलशन व अजीत गाजीपुर जिले से एक ही स्कूटी पर सवार होकर से लखनऊ की ओर जा रहे थे। इस दौरान लोनीकटरा थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 22 पर हाथी का पुरवा गांव के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर बैरीकेडिंग से जा टकराई। तीनों घायलों को यूपीडा एंबुलेंस ने सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया। जहां ऋषभ को मृत घोषित कर दिया गया और अन्य दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

### ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी अनियंत्रित बाइक, युवक की गयी जान

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकीः अमृत विचारः** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात थाना लोनी कटरा के दहिला मोड़ के पास हाईवे पर हुआ। थाना क्षेत्र के ही पूरे लदई निवासी मोहन यादव (25) बाइक से घर लौट रहा था। दहिला चौराहे के पास आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में अनियंत्रित होकर बाइक पीछे से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल मोहन को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अंकित त्रिपाठी ने बताया कि ट्राली को घटनास्थल से बरामद कर लिया गया है।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के सड़क मार्ग पर साइकिल चालक को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। थाना बदोसराय निवासी बाइक सवार युवक राज पुत्र मन्ना उर्फ अजमत अली उम्र 20 वर्ष रामनगर बदोसराय मार्ग से अपने घर जा रहा था। जब वह नथनापुर के पास पहुंचा की अचानक साइकिल सवार व्यक्ति सामने आ गया। जिसे बचने के चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पलट गई। जिससे राज गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां हालत में सुधार न होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया। वहां भी राज की हालत गंभीर बनी हुई है।

# यूपीएससी में चयनित क्षितिज सम्मानित



क्षितिज को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग में चयनित क्षितिज पटेल का श्री साईं इण्टर कॉलेज के सभागार में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा सम्मान किया गया। राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी नरसिंह पटेल अज्ञानी, कोऑपरेटिव बैंक लि. लखनऊ एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लि. बाराबंकी के पूर्व चेयरमैन तथा सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने क्षितिज पटेल को सम्मानित किया।

# कोई सरकार नहीं कर सकती युवाओं का मुकाबला : गोप



बैठक को संबोधित करते समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप।

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** देश के नौजवानों, छात्रों, महिलाओं श्रमिकों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने का तय कर लिया है। ये विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने ब्लाक त्रिवेदीगंज के ग्राम मंझार मे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में ग्राम प्रधान द्वारा आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कही। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि छात्रों नौजवानों की ताकत का मुकाबला कोई सरकार नहीं कर सकती। पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, जिला पंचायत सदस्य सोनी यादव विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव हरीराम कार्यक्रम संयोजक ग्राम प्रधान सोनेलाल, राजेश यादव कल्लन, डब्बू जायसवाल, प्रधान महेश वर्मा, चेयरमैन प्रत्याशी हैदरगढ़ अय्यूब कुरैशी, पप्पू सिद्दीकी आदि थे।

### 91 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास-बहू और ननद सम्मेलन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को जनपद के 91 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया। जिसमें 3920 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाडी केन्द्रों पर सम्मेलन के माध्यम से मतदान जागरूकता का प्रचार किया गया।

## हादसे को दावत



शहर से सटे नगर कोतवाली रोड के निकट डिवाइडर हाल ही में सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आगमन से पूर्व सही कराया गया था। लेकिन गुरुवार की देर रात्रि में डंपर चढ़ गया जिससे डिवाइडर फिर क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही उसपर लगा लोहे का एंगल भी डिवाइडर के दाईं ओर झुक गया। जिससे कोई हादसा भी हो सकता है। ● शशांक अटल बाजपेई

# आग से चार बीघा गेहूं की फसल जली

अनहोनी

● **ईंट भट्ठे से निकली चिंगारी के कारण हुई घटना**

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** ईंट-भट्टे से निकली चिंगारी से किसानों की चार बीघे से अधिक फसल जलकर हो गई। आग को बुझाने के प्रयास में एक युवक का चेहरा वा हाथ झुलस गया। पूरा मामला थाना क्षेत्र लोनीकटरा के नरेंद्रपुर मदरहा गांव का है यहां शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे खेत में आग की लपटें ग्रामीणों को दिखाई पड़ी। ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास तो किया लेकिन आग की लपटें विकराल रूप धारण करने लगी देखते ही देखते थोड़ी ही देर में गेहूं की खड़ी फसल को जला कर राख कर दिया। आग बुझाने के प्रयास में गांव के ही रहने वाले सियाराम का चेहरा और हाथ झुलस गया।

जबकि राम नारायण, रामउजाले, रामनाथ, रामहेत, रामनेवाज, स्व रामसागर व विरेन्द्र तिवारी के खेतों में लगी करीब चार बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती तब तक आग की लपटें काफी तेज हो चुकी थीं। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में कामयाब रही। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के पश्चिम छोर में संचालित ईंट भट्ठा से निकली चिंगारी ने खेत में लगी चार बीघे गेहूं की फसल को जला कर राख कर दिया।



आग में जलकर राख हुई गेहूं की फसल।

लापरवाही — गांवों में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा

# कागजों पर ही चल रहा संचारी रोग अभियान

**सतरिख, बाराबंकी**

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है, लेकिन गांवों में गंदगी जस की तस बनी हुई। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। संचारी रोग अभियान का संचालन भी सिर्फ कागजों पर ही किया जा रहा है।

हरख ब्लॉक के अधिकांश ग्राम पंचायत से लेकर गांवों में सफाईकर्मी कई वर्षों से गायब चल रहे हैं। इसको लेकर अमृत विचार ने अपने गुरुवार के अंक में खबर भी प्रकाशित की थी। आलम यह है कि गांवों की गलियां कूड़े से पटी हुई हैं, नालियां बजबजा रहीं हैं और सामुदायिक शौचालय झाड़ियों में तब्दील हैं। जिससे गांवों में संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है।



हरख ब्लॉक के एडीओ पंचायत कार्यालय के निकट लगा कूड़े का ढेर।

कुछ वर्ष पूर्व ही गंदगी के अंबार लगे होने के कारण संक्रामक रोग फैला था और करीब 6 लोगों की मौत भी हो गई थी। उसके बाद भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान सिर्फ कागजों पर ही संचालित किया जा रहा है। इतना ही नहीं हरख ब्लॉक के सहायक विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय के निकट भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जब यह स्थिति ब्लॉक की है तो गांव का क्या हाल होगा। कुछ दिन पहले कई लोगों ने मिलकर सफाई कर्मी की गांव न पहुंचने की शिकायत की थी, लेकिन एडीओ पंचायत ऑफिस द्वारा रिपोर्ट लगाकर शिकायत को रफा दफा कर दिया गया।

> संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत यदि सुचारु रूप से गांवों में साफ सफाई नहीं हो रही है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-नितेश भोंडेले,** डीपीआरओ

# बिना परमिट काटे गए नौ हरे पेड़, जांच शुरू

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** बिना परमिट नौ हरे पेड़ों को लकड़कट्टों ने आरा चलाकर गिरा दिया। सूचना रेंज के अफसर को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामला डीएफओ तक पहुंचा तो जांच शुरू हुई है।

बंकी वन क्षेत्र के कमरपुर गांव के पास पिछले दो दिनों से बिना परमिट के अवैध तरीके से एक नीम और आठ आम के हरे पेड़ों पर आरा चल गया। दो दिनों से ग्रामीण वन रेंज के अफसरों को सूचना दे रहे है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामला अब डीएफओ तक पंहुचा तो हरकत में आए वन विभाग के लोग जांच के लिए पहुंचे। इसी तरह दो दिन पहले ही बंकी क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में दो आम के हरे पेड़ों को भी अवैध तरीके से बिना परमिट के काटकर गिरा दिया गया था और लकड़ी को आरा मशीन पर बेच दिया। लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

वहीं इस संबंध में डीएफओ आकाशदीप बाधवान का कहना है कि वन क्षेत्रीय अधिकारी को जांच के आदेश दिए गए हैं और क्षेत्रीय वन दरोगा की संलिप्तता मिली है। नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इसके बाद कार्रवाई भी की जाएगी।

# आठ दिवसीय मेले का हुआ समापन

**मसौली, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** ईद उल फित्र के दिन से कस्बा बांसा शरीफ में चल रहे हजरत सैय्यद शाह अब्दुलरज़्ज़ाक़ रहमतुल्लाह अलैह के आठ दिवसीय मेला का समापन शुक्रवार को मेला कमेटी के सभी पदाधिकारी ने चादर चढ़ाकर किया।

मेला कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान संजय ने सभी पदाधिकारी का पूरे मेले में सहयोग करने के लिए आभार जताया और आशा की कि आगे भी विगत वर्षों में इसी तरह का सहयोग मेला कमेटी की सभी सदस्य करते रहेंगे। अंत में मेला कमेटी के सभी सदस्यों ने चादर चढ़ाकर देश व प्रदेश में अमन चैन की दुआ की।



समापन के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

## एक नजर

### विचार विभाग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने भीम



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के रानी बाजार सथरी निवासी भीम शुक्ला को कांग्रेस विचार विभाग प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विचार विभाग प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन संपूर्णानंद ने की है। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि इसके पहले भीम शुक्ल जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर अखिलेश यादव, राजेंद्र प्रताप सिंह, वेद सिंह, बसंत मिश्रा, सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि ने हर्ष जताया है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** सहादतगंज इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया गया है कि सहादतगंज इलाके में देश कान्वेंट स्कूल के सामने सड़क पर एक 25 वर्षीय युवक घायल पड़ा था। मोहल्ले के ही नफीस ने फोन कर एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# 136 रुपये किलो लड्डू तैयार कर बेच रहे 400 में

## देशी घी की जगह कर रहे मिलावटी घी का इस्तेमाल, हनुमानगढ़ी पर मोटे मुनाफे के चक्कर में आस्था व सेहत से खिलवाड़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हनुमानगढ़ी पर अब आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। इस बीच हनुमानगढ़ी के लड्डू प्रसाद व्यापारियों ने मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटी घी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। मिलावट करने के बाद लड्डू के थोक व्यापारियों का एक किलो माल 136 रुपये में तैयार हो जाता है। इसे हनुमानगढ़ी के निकट के व्यापारियों को 250 रुपये के करीब में बेचा जाता है और उसके बाद वही लड्डू श्रद्धालुओं को 400 रुपये किलो दिया जा रहा है। इस कमाई से न सिर्फ सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है बल्कि लोगों की आस्था को भी चोट पहुंचाने का काम किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंतों के आदेश को 'अमृत विचार' ने 31 जनवरी को सबसे पहले व प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें देसी घी के लड्डुओं की बिक्री को ही अनिवार्य किया गया था। आदेश के दो माह बाद ही स्थानीय दुकानदारों ने बड़ी चालाकी से मोटी रकम कमाने के लिए बीच का रास्ता निकाल लिया। उधर, इस मामले में फूड इंस्पेक्टर अजय सिंह का कहना है कि लड्डू दुकानदारों को विभाग की तरफ से कोई आदेश नहीं दिया गया है। सिर्फ ये कहा गया है कि अच्छी ब्रांड का घी इस्तेमाल करें। जिसमें अमूल, पराग और ज्ञान घी का नाम सुझाया गया था। यदि दुकानदार अन्य सामग्री या अन्य घी का इस्तेमाल करता है तो उसे बताना पड़ेगा और सैंपलिंग भी होगी।



गर्मी में ऐसे पिघल जाता है शुद्ध देशी घी से बनाया गया लड्डू। अमृत विचार



लड्डू को बांधने के लिए चने का सत्तू मिलाते कारीगर। अमृत विचार

### इस पूरे खेल को ऐसे समझिए...

अयोध्या धाम का लड्डू विश्व प्रसिद्ध है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु बड़ी शिद्दत से अपने परिजनों के लिए ले जाता है। हनुमानगढ़ी पर 250 लड्डू व्यापारी हैं। थोक व्यापारियों की संख्या 35 से 40 के बीच में है। 70 से 80 किलो शुद्ध देशी घी का लड्डू बनाने के लिए थोक व्यापारियों को सात हजार रुपये में 15 किलो ज्ञान घी, 88 रुपये किलो मिलने वाला बेसन 20 किलो (कीमत 1760), 35 किलो चीनी (कीमत 1400), 1200 रुपये लेबर चार्ज और एक 1800 रुपये का कॉमर्शियल सिलिंडर लगता है। कुल अनुमानित लागत 13,160 रुपये आती है। सब फाइनल होने के बाद लगभग 188 रुपये किलो लड्डू पड़ता है। वहीं मिलावटी घी से लड्डू बनाने के लिए 3400 रुपये में 15 किलो वाले देशी घी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बेसन व अन्य सामान सही रहता है, लेकिन घी की लागत कम होने से लड्डू की कीमत मात्र136 रुपये किलो आती है। दुकानदारों को थोक रेट में बनाकर बेचने वाले करीब 35 कारखाने इस समय चल रहे हैं।

### ये है सस्ते घी का रेट

- तपन घी 4500 प्रति 15 किलो।
- स्वागत घी 3400 प्रति 15किलो।
- रुद्राक्ष घी 3300 प्रति 15 किलो।

### आसान नहीं है जांच

मिलावटी घी के हो रहे इस्तेमाल को रोकना आसान भी नहीं है। क्योंकि बड़े-बड़े रसूखदार लड्डू के कारखाने ऐसी जगह चलाते हैं, जहां जांच करने कोई नहीं पहुंच सकता।

### दंडनात्मक कार्रवाई में सहयोग करूंगा : नंदलाल

हलवाई समाज के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि शुद्ध प्रसाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दुकानदारों के लिए लाइसेंस प्रक्रिया में तब्दीली करते हुए बैठक होगी। नई व्यवस्था के तहत हैवी लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू होगी। यदि कोई दुकानदार निर्देश के बावजूद जांच में गलत पाया जाता है तो प्रशासनिक कार्रवाई के लिए खड़ा रहूंगा और दंडनात्मक कार्रवाई में सहयोग करूंगा।

### गर्मी में आसान नहीं देशी घी से लड्डू बनाकर बेचना

अयोध्या धाम के हनुमान गढ़ी मंदिर के समीप लड्डू विक्रेता कहते हैं कि देशी घी का लड्डू ज्यादा गर्मी पड़ने पर पिघल जाता है। घी पिघलने के कारण लड्डू अपने स्वरूप में नही रह पाता। अभी तो गर्मी की शुरुआत है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी मुश्किल भी बढ़ेगी, जिसके लिए गर्म लड्डू ही बनाया जाता है और स्वरूप न बिगड़ने के लिए ऊपर से चने का सत्तू प्रयोग में लाया जाता है।

### बेदखल किए जाएंगे दुकानदार : महंत

हनुमानगढ़ी के मुख्य महंत गद्दीनशीन के मुख्य शिष्य महंत डॉ. महेश दास ने कहा कि मुझे मिलावट वाले घी के इस्तेमाल की पूरी जानकारी है। संज्ञान लिया जा चुका है। इस पर कार्रवाई तय हो चुकी है। हनुमान गढ़ी मंदिर में पंचायत की जाएगी। पंचायत के माध्यम से दोषी दुकानदारों को चिह्नित करते हुए सर्वप्रथम लड्डू के थोक व्यापारी पर कार्रवाई के तहत किराएदारी को खत्म करके दुकान से बेदखल किया जाएगा। हनुमान जी के प्रसाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## चाणक्य परिषद का प्रदर्शन आज

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** इनायत नगर थाना क्षेत्र के परसवां गांव में होली के एक दिन पूर्व पिटाई में घायल मजरे शुकुलपुर निवासी राम प्रकाश पांडेय की इलाज के दौरान मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है।

मामले में शनिवार को अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं परशुराम ट्रस्ट ने मामले में सरियावां चौराहे पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मृतक के पुत्र अनुपम पांडेय का आरोप है कि 24 मार्च को गांव के राहुल सिंह, जितेश सिंह, अभिषेक यादव, अतुल श्रीवास्तव व मुकेश सिंह समेत अन्य ने घर में घुसकर शराब पीने से मना करने पर हमलाकर पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिनकी इलाज के दौरान 16 अप्रैल की रात को मौत हो गई।

इनायत नगर थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह का कहना है कि मौत की वजह की जानकारी के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रशिक्षण से नदारद रहे 16 पीठासीन अधिकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर हो रहे पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान अधिकारी, पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण लें। जिससे मतदान के समय कोई समस्या न हो। ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रों को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के प्रथम दिन 16 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 06 लोग राजीव, सतीश चंद्र वर्मा, अंकित वर्मा, राजेंद्र पाल, रनजीत यादव, चंद्र सिंह और दूसरे पाली 10 लोग सुधीर रंजन सिंह, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद याकूब, मनोज कुमार दुबे, नूर मोहम्मद, कृष्ण कुमार यादव, अरविंद कुमार वर्मा, शमसुज्जमा अंसारी, देवेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार अनुपस्थित पाए गए।

## मतदान कर भारत को बनाएं मजबूत : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में सरदार पटेल पीजी कॉलेज फत्तेपुर बड़ागांव जलालपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सरदार पटेल पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व और मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यार्थियों से अपील किया कि वह इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है।

## 41 डिग्री तापमान से तप रहा अप्रैल दस बजते ही सड़कों पर सन्नाटा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पहली बार ऐसा हो रहा है कि अप्रैल में ही लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। दूसरे सप्ताह में ही अधिकतम तापमान के 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हालत यह है कि सड़कों पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक तीखी धूप लोगों को बेहाल कर रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने इस बार अप्रैल में ही गर्मी का पारा 42 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है। दिन के समय पारा 40 से 41 डिग्री तक पहुंचने और मुख्य बाजार में जाम से लोग परेशान हैं। दिन के समय सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है।

इस समय सुबह 10 बजते-बजते तापमान तेजी से बढ़ने लगता है। तापमान बढ़ने से एक ओर जहां तेज धूप के कारण आसमान से आग बरस रही है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अमरनाथ मिश्र का कहना है कि तापमान में और बढ़ोतरी होगी।



गमछे में लिपटे लोग। अमृत विचार



धूप से बचने के लिए यही सही।

## मेला ड्यूटी में तैनात फार्मासिस्ट की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार:** चैत्र रामनवमी मेला ड्यूटी में तैनात एक फार्मासिस्ट की मौत हो गई। रामनवमी मेला ड्यूटी में आए फार्मासिस्ट संतोष कुमार द्विवेदी (52) पुत्र कमलाकांत द्विवेदी अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के विभीषण कुंड स्थित श्रीराम जानकीकुंज के सीता बल्ल्भ भवन गेस्ट हाउस में रुके थे। उनकी गुरुवार मध्य रात्रि के बाद अचानक तबियत बिगड़ गई।

गेस्ट हाउस के संचालक भानु प्रताप सिंह ने अपने स्टाफ की मदद से उनको रात लगभग एक बजे श्रीराम अस्पताल भेजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण के बाद फार्मासिस्ट को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बाराबंकी के टिकैतनगर निवासी कमलाकांत द्विवेदी ने बताया कि संतोष कुमार मूल रूप से अमेठी के मुसाफिरखाना स्थित सीएचसी में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात था। राम नवमी मेला की विशेष ड्यूटी में आठ अप्रैल को अयोध्या आए था। यहां रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित कनक भवन मंदिर के बगल ड्यूटी कर रहा था। थाना प्रभारी रामजन्मभूमि देवेंद्र पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार के हवाले कर दिया गया है।

## राम मंदिर को पूरा करने के लिए बढ़ाए जाएंगे मजदूर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन राम मंदिर को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। एलएंडटी, टाटा, राजकीय निर्माण निगम ने कर्मचारी बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। मंदिर निर्माण समिति ने दिसम्बर 2024 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दिसम्बर तक मंदिर का कार्य पूरा होने का दावा किया है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम नवमी उत्सव सम्पन्न हो गया है। अब मंदिर निर्माण में शेष कार्यों को किया जा रहा है। भूतल पर लगे खम्भों में मूर्ति नक्काशी के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। प्रथम तल का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। दिसम्बर से पूर्व राम दरबार को भी गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। अंतिम सप्ताह तक द्वितीय तल, तृतीय तल और शिखर का निर्माण भी लगभग पूरा हो जाएगा। इसके लिए लगभग 1200 वर्कर लगाए गए हैं। 800 मीटर लंबे परकोटे का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसमें परिक्रमा पथ और छह देवी देवताओं के भी मंदिर का निर्माण हो रहा है। 2000 मजदूर लगे हैं। अब इनकी संख्या को बढ़ा कर 5000 किया जाएगा। इसके लिए एलएंडटी और राजकीय निर्माण निगम को निर्देशित किया गया है। परिसर में आठ और मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें शेषवतार, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषाद राज, अहिल्या देवी का मंदिर प्रस्तावित है, जिसे अगले 18 माह में तैयार किया जाना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि अब पूरा फोकस निर्माण कार्य पर है।

## श्रीराम से जुड़े स्थलों की रखें जानकारी

### अयोध्या केवल शहर ही नहीं बल्कि भावनाओं का नगर : नगर आयुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में चतुर्थ बैच टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा व कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. प्रतिभा ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में काफी संख्या में टूरिस्ट आने के लिये लालायित हैं। अयोध्या की सांस्कृतिक एवं पौराणिक विरासत से सभी को अभिसिंचित कराने के लिए टूरिस्ट गाइड की भूमिका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए टूरिस्ट गाइड को पूरे सप्ताह का प्रोग्राम बनाना होगा। टूरिस्ट क्या चाहता है, उन्हीं की मांग के अनुरूप चीजों को प्रस्तुत करना होगा। कुलपति ने कहा कि गाइड का उद्देश्य केवल पैसा कमाना नही होना चाहिए। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि अयोध्या केवल शहर ही नहीं बल्कि भावनाओं का शहर है। टूरिस्ट गाइड अपने शहर का ब्राण्ड अम्बेसडर होता है। सभी को अयोध्या के साहित्य को पढ़ना होगा तभी टूरिस्ट को सही जानकारी दे सकेंगे। नकरात्मक चीजों को सकारात्मकता में बदलने के साथ धैर्य रखना होगा। स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह द्वारा किया गया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले गाइड मौजूद रहे।




अवध विवि में आयोजित प्रशिक्षण में नगर आयुक्त का स्वागत करतीं कुलपति।

## हाईवे पर ट्रक में घुसी कार, वृद्धा की मौत

### अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर युवक को बचाने में डिवाइडर से टकराई कार

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकराते हुए खड़े ट्रक में जा घुसी। कार में बैठी वृद्धा की मौत हो गई।

थाना पूरा कलंदर क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासिनी शोभा श्रीवास्तव पत्नी नरेंद्र श्रीवास्तव (65) अपने नाती अभी श्रीवास्तव (22) के साथ कार से लखनऊ इलाज करने जा रही थी। अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हलियापुर थाना क्षेत्र कूरेभार तिराहे के पास हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सामने खड़े ट्रक में जा घुसी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने मौके चालक अभी श्रीवास्तव व उनकी नानी शोभा श्रीवास्तव को सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने शोभा को मृत घोषित कर दिया। कुमारगंज पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मृतक महिला के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### पिकअप की टक्कर से छात्र की मौत

**तारुन अयोध्या, अमृत विचार :** तारुन-रामपुर भगन मार्ग पर शुक्रवार दोपहर पिकअप की टक्कर से छात्र की मौत हो गई। तारुन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारागरीबशाह मजरे बिंदा पाण्डेय पूरा निवासी राम बचन मिश्र का पुत्र अमित कुमार (6) प्राथमिक विद्यालय नेतवारी चतुरपुर में संचालित आंगनबाड़ी छात्र था। छुट्टी के बाद घर जाने को सड़क पार कर रहा था। तभी वह तेज रफ्तार पिकप वाहन ने चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बीट दरोगा मुन्नी लाल चौधरी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। उन्होंने बताया कि पुलिस फरार वाहन व चालक की तलाश कर रही है।

स्वास्थ्य

जिला अस्पताल में जांच कराने के लिए आने वाले मरीजों से भराया जा रहा फॉर्म

## आसानी से ट्रैक होंगे आठ बीमारियों से पीड़ित मरीज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अब डेंगू-मलेरिया समेत आठ बीमारियों के मरीजों को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। इसके लिए जिला अस्पताल स्थित इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) में व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इसके तहत बुखार से संबंधित जांच कराने पहुंचे मरीजों को फॉर्म दिया जाता है। जिसमें मरीजों को अपना ब्योरा देना पड़ता है। अगर किसी भी मरीज में आठ में से कोई बीमारी निकलती है तो उस ब्योरे के आधार पर उसकी पहचान की जा सकेगी।

दरअसल अभी तक बुखार के मरीज आरडीसी में जांच कराने पहुंचते थे तो सिर्फ पर्चे पर उनकी जांच हो जाती थी। हालांकि पर्चे पर नाम और मोबाइल नंबर अंकित रहता था, लेकिन कभी-कभार मरीजों में डेंगू व अन्य बीमारियों की पुष्टि हो जाने पर उन तक पहुंचना आसान नहीं होता था। डॉ. शाकिब ने बताया कि आईपीएचएल में बुखार से संबंधित जांच कराने के लिए पहुंचने वाले मरीज को यह फॉर्म भरना जरूरी है। क्योंकि अगर जांच में संक्रामक बीमारियां निकलती है तो उसी फॉर्म में दिए गए ब्योरे के आधार पर मरीज के घर पर छिड़काव आदि कार्रवाई आसानी से कराई जा सकती है।



ला चिकित्सालय अयोध्या
(जाँच फार्म) दिनांक : ..........
1. डेंगू, 2. मलेरिया 3. चिकनगुनिया 4. विडाल 5. जेई 6. Hbs/Ag 7. HCV 8. Chikunpox
लक्षण : डॉक्टर का नाम-
मोबाइल नं. 1. आधार नं.
नाम- उम्र- लिंग- वार्ड-
पति / पिता का नाम -
पूरा पता- ग्राम/मकान नं. पोस्ट- थाना-

इस तरह का मरीजों को फॉर्म दिया जा रहा है। अमृत विचार

### फॉर्म में लिखी हैं बीमारियां और देना होता है यह ब्योरा

आईपीएचएल में मिलने वाले फॉर्म में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, विडाल, जेई 6, एचबीएस/एजी, एचसीवी व चिकनपॉक्स शामिल है। ब्योरे में मोबाइल नंबर, नाम, पिता का नाम, पूरा पता, तहसील, डॉक्टर का नाम, आधार नंबर, उम्र, लिंग, वार्ड, पोस्ट, थाना व जिला शामिल हैं।

> जांच में अगर किसी मरीज में संक्रामक बीमारियों के लक्षण मिलेंगे तो उक्त फॉर्म के जरिए हम मरीज को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। उनके घर पर छिड़काव व फॉगिंग आदि भी कराई जा सकेगी। यह मरीज हित में है।
>
> **-डॉ. अरविंद श्रीवास्तव,** डिस्ट्रिक्ट एपीडेमोलॉजिस्ट

### अंडर-17 स्कूली बास्केटबॉल की प्रदेशीय टीम घोषित

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में हरियाणा के गुरुग्राम में 27 अप्रैल से राष्ट्रीय विद्यालयीय अंडर-17 बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें प्रतिभाग करने वाली उप्र बालक टीम शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्राचार्य भगवती सिंह की ओर से घोषित कर दी गई। चयनित टीम 25 अप्रैल को क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम से प्रतियोगिता के लिए हरियाणा रवाना होगी। चयनित टीम में वाराणसी के प्रणव कुमार सिंह, अभिषेक पटेल, शादान अहमद, आजमगढ़ के आयूष कुमार, मुरादाबाद के चन्द्रकान्त व सत्यम सागर शामिल हैं। इसके अलावा टीम में बलिया के विक्की यादव, गोरखपुर के प्रिंस राजभर व सोहन सिंह, इटावा के तरुण चौहान, मेरठ के तुषार, लखनऊ के अक्षत मिश्र व अंश यादव व आगरा के अंकुश यादव को शामिल किया गया है।

## अब माता कौशल्या के नाम से बनेगा मातृ भवन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब अयोध्या में माता कौशल्या के नाम से मातृ भवन बनाए जाने की तैयारी है, जिसके लिए श्री राम माता कौशल्या धाम न्यास अयोध्या में जमीन खरीदने जा रही है। यह मंदिर भी राम मंदिर के ही तर्ज पर बनाया जाएगा, जो दुनिया का सबसे सुंदर मंदिरों में से एक होगा। इस मंदिर में भगवान राम माता कौशल्या के गोद में विराजमान होंगे। दूसरी तरफ माता कैकेयी की गोद में भरत, माता सुमित्रा की गोद में लक्ष्मण और शत्रुघ्न विराजेंगे। जिसकी पहल के लिए श्रीराम माता कौशल्या धाम न्यास अध्यक्ष पंडित रमेश उपाध्याय ने श्रृंगेरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज, पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, द्वारिका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती और ज्योतिशपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मार्गदर्शन के लिए पत्र लिखा है। पंडित रमेश उपाध्याय के मुताबिक मंदिर किसी सरकार या व्यक्ति का नहीं बल्कि सनातन देशवासियों का होगा। देश के हर गांव और मोहल्ले में मिट्टी अयोध्या में बनने वाली माता धाम की नींव में डाली जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पटाखा कारोबारी के घर में लगी आग

## पिता-पुत्र झुलसे, बाइक व साइकिल जली, परिजनों व पुलिस ने कहा- आग शार्ट सर्किट से लगी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम में एक पटाखा कारोबारी के घर संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। पूरा मकान जल गया। पिता-पुत्र झुलस गए। बाइक व साइकिल भी जल गई। पुलिस व परिजनों का कहना कि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगी है।

चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम गांव के पटाखा कारोबारी बुद्धू के घर शुक्रवार की सुबह संदिग्ध हालत में आग की लौ उठ पड़ी। देखते ही देखते पूरा घर आग की चपेट में आ गया। तेज हवा होने के कारण के देखते ही देखते आग ने पूरा मकान जलाकर राख कर दिया। आग की चपेट में आने से हारून उर्फ बुद्धू (55) व फिरोज पुत्र हारून (30) झुलस गए। जिनको आनन फानन में चांदा कस्बे के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वही घर में रखी गृहस्थी के सारे सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा रविन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जाकर छानबीन किया गया व पूछताछ में पता चला कि पंखे के वायर से बिजली शार्ट सर्किट होने के कारण मकान में आग लगी। घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। बुद्धू कस्बे का पटाखा कारोबारी है। उसका गोदाम घर में नहीं है। पटाखा का सिजनल व्यवसाय करता है।




चांदा के महारानी पश्चिम में आग लगने से झुलसा युवक। आग से झुलसे व्यक्ति का कराया गया इलाज। अमृत विचार

## चूल्हे की चिंगारी से जला आशियाना, तीन बकरियां झुलसकर मरीं

**धनपतगंज, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के पीपरगांव में चूल्हे से उठी चिंगारी में दिव्यांग महिला सहित दो परिवारों का छप्पर का आशियाना जल कर खाक हो गया। तीन बकरी भी झुलसकर मर गई। अब दिव्यांग अनीता को अपने तीन मासूम बच्चों के साथ तपते खुले आसमान के नीचे गुजारा करना पड़ेगा। गुरुवार की देर रात गांव निवासी दोनों आंखों से दिव्यांग अनीता चूल्हे पर खाना पका रही थी। तभी चूल्हे से निकली चिंगारी उड़ कर छप्पर पर पंहुच गयी और आग लग गयी। घर में मौजूद बच्चे चिल्लाने लगे तो आस पास के लोग पंहुचे और आग बुझाने में लग गये। काफी मेहनत के बाद ग्रामीण आग पर काबू पा सके। लेकिन तब तक अनीता का पूरा आशियाना और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। दूसरे छप्पर के नीचे बंधी तीन बकरियों की झुलस जाने से मौत हो गयी। फैली आग की जद में आने से पड़ोसी मुनीर का दो छप्पर जिसके नीचे भूसे में अनाज रखा था वह भी जल गया। सूचना पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक राम बहादुर ने आग से हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेज दी और बताया कि दिव्यांग अनीता का घर और गृहस्थी पूरी तरह जल गयी है। यह परिवार इसी थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव से आकर लम्बे समय से यही रह रहा है।



अपने जले हुए घर को दिखाती दिव्यांग महिला।

## एक नजर

### जनहित याचिका पर सुनवाई 13 मई तक टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर में दो थानों का क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश रद्द करने के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। याची अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और जसप्रीत सिंह मामले की सुनवाई 13 मई को करेंगे। शुक्रवार को समय शेष नहीं होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।

### तीन वाहनों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार।** गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के किरोन्दीपुर मोड़ के पास दो गाड़ियां आपस में टकरा गईं। जिसमें कार पर सवार सर्वेश मिश्रा (38) पुत्र कौशलेंद्र मिश्रा ग्राम देवगंज, शीतला गंज प्रतापगढ़ व शमीम अहमद (28) पुत्र बशीर अहमद ग्राम लीलापुर प्रतापगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को इलाज के लिये अस्पताल भेज दिया।

### रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शत -प्रतिशत मतदान कराने को लेकर शुक्रवार को कूरेभार ब्लाक मुख्यायल से बीडीओ श्रीकांत तिवारी व एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्र ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक पर सवार होकर ब्लाक कर्मियो ने रैली के माध्यम से लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बाइक रैली कूरेभार ब्लाक से होते हुए कस्बा समेत क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्लाक के कर्मचारी मौजूद रहे।

# रंगदारी व हत्या की धमकी पर कोर्ट में नौ के खिलाफ मुकदमा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर में घर में घुसकर चोरी मारपीट, रंगदारी, बलवा व हत्या की धमकी के आरोप में नौ आरोपियों पर अब्दुल जब्बार ने मुकदमा दायर किया है। एसीजेएम अमित सिंह की कोर्ट मामले में 29 अप्रैल को परिवादी का बयान दर्ज करेगी।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर निवासी अब्दुल जब्बार ने गांव के मिर्जा सुहेल, कमाल बेग, रेहाना, कायनात समेत नौ लोगों पर कोर्ट में परिवाद दायर किया है। बीती 15 फरवरी की शाम आरोपियों की बकरी परिवादी के दरवाजे पर आकर धान खाने लगी जिसकी शिकायत करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। तहरीर के बावजूद पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया, जिससे व्यथित होकर पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया है।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से मिली राहत

**सुलतानपुर :** स्मैक की बरामदगी के मामले में जेल में बंद आरोपी राकेश सोनकर की जमानत न्यायाधीश राकेश पांडेय ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कूरेभार पुलिस ने करौंदिया निवासी आरोपी राकेश सोनकर को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे कूरेभार के पास 60 ग्राम स्मैक बरामदगी दिखाक 2 अप्रैल को जेल भेज दिया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

## चीनी मिल का होगा विस्तारीकरण: मेनका

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने इसौली विस में एक दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। मेनका ने कहा कि मैंने काम को लेकर किसी से भेदभाव नहीं किया है। उन्होंने कहा इलेक्शन में जाति कौम देखकर नहीं अपना स्वार्थ देखकर वोट करें। देखें कि आपका काम करानें में कौन सा प्रत्याशी अव्वल रहेगा। मेनका ने अपनी व सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए कहा शहर की जाम की समस्या को निपटाने के लिए सड़कों को फोर लेन कराया। कहा कि चीनी मिल का विस्तारीकरण कराना ही प्रमुख एजेंडा होंगा। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार समेत अन्य रहे।

# बेकाबू ट्रक ने भाई-बहन को कुचला, मौत

- पिता की तहरीर पर दर्ज हुआ केस, चालक की तलाश शुरू

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चांदा कोतवाली के चांदा-कादीपुर में मार्ग पर गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में भाई बहन की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को भाई-बहन का शव घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कादीपुर तहसील क्षेत्र के धोराही सराय रानी निवासी कृष्ण कुमार पुत्र रमापति, लंभुआ क्षेत्र के नौगवां निवासी अपनी बहन पूजा पत्नी गणेश की विदाई कराकर अपने घर की ओर जा रहा था। चांदा कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर बाजार के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में भाई की मौके पर मौत हो गयी थी व बहन पूजा की मौत इलाज के दौरान हॉस्पिटल हो गयी थी। स्थानीय लोगों के सहयोग से दुर्घटना कारित वाहन रोक लिया गया था। चालक फरार हो गया। मामले में मृतकों के पिता रमापति द्वारा द्वारा थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दी गयी है। दोनों शव का चांदा पुलिस ने पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया। रमापति की तीन संतानों में मृत पूजा सबसे बड़ी बेटी थी। पूजा का विवाह वर्ष 2019 में लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के नौगवा निवासी गणेश के साथ हुआ था। पूजा की एक तीन वर्षीय पुत्री पलक है। वहीं, कृष्णा रमापति का इकलौता पुत्र था। कृष्णा और पूजा के मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। रमापति समेत उनकी पत्नी और छोटी पुत्री का रो रोकर बुरा हाल है।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

### खड़े ट्रेलर से टकराई कार दादी की मौत व पोता घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** अयोध्या जिले के दौलतपुर निवासी आविश श्रीवास्तव (25) अपनी दादी शोभा श्रीवास्तव (79) के साथ शुक्रवार को कार से जगदीशपुर जा रहे थे। जैसे ही वह हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर पहुंचे तभी बाइक सवार को बचाने में उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराते हुए आगे खड़े ट्रेलर से टकरा पलट गई। जिसमें कार में चालक आविश तथा उनकी दादी शोभा को गम्भीर चोट आई। घायलों को कुमारगंज ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों शोभा को मृत घोषित करते हुए आविश का इलाज शुरु कर दिया।

# प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों से जरूर करें दोहरा संवाद: जिलाधिकारी

- दो पालियों में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम का हुआ प्रशिक्षण
- अनुपस्थित कार्मिकों को देना है स्पष्टीकरण, नौ का वेतन बाधित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोक सभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। पहले ही दिन प्रथम पाली के प्रशिक्षण में 9 कार्मिक तो द्वितीय पाली में 14 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए।

छठे चरण में जिले में 25 मई को होने वाले लोक सेवा चुनाव के लिए केंद्रीय विद्यालय अमहट में कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया। बताया कि सभी मतदान कार्मिक ईवीएम व वीवी पैट के कनेक्शन व सील करने की प्रक्रिया को करके सीख ले। जिससे मतदान दिवस मे ईवीएम संचालन में कोई समस्या न आए। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान दोहरा संवाद बनाये रखने के लिए मतदान कार्मिकों से प्रश्न-उत्तर अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रतिभागियों से मॉक पोल प्रक्रिया, चैलेंज वोट, एमपीएसएप पर मतदान कार्मिकों से प्रश्न उत्तर भी किया। मतदान कार्मिक नोडल अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि सभी 25 कमरों में टीवी लगाई गयी है। जिस पर पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।

डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने प्रशिक्षण प्रारंभ होने के आधे घंटे पहले सभी मास्टर ट्रेनर के साथ बैठक करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में मॉक पोल कराने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लियर किए जाने पर चर्चा की जाय। उन्होंने बताया कि मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉकपोल प्रारंभ किया जाएगा। जिले के एसडीएम ने प्रशिक्षण कक्षों में जाकर मतदान कार्मिकों से प्रश्न उत्तर करते हुए मतदान प्रक्रिया पर आवश्यक सुझाव दिया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने सभी कमरों में पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण संचालित कराया। उन्होंने मतदान अधिकारियों के कार्य, दायित्व व लिफाफों/प्रपत्रों को तैयार करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय ने बैलेट यूनिट को वीवीपैट से व वीवीपैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करने पर डेमो दिया। उन्होंने मतदान के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए इनका समाधान भी बताया। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने ईवीएम व वीवी पैट को सील करने की प्रक्रिया पर डेमो दिया तथा चैलेंज वोट, टेंडर वोट, कम्पेनियन, पीठासीन की डायरी, मतदान अभिकर्ता के फार्म, मतपत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने सभी प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया।



चुनाव प्रशिक्षण का निरीक्षण करने पहुंचीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना। अमृत विचार

### सीडीओ ने 9 कार्मिकों का वेतन किया बाधित

पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डा जनार्दन राय ने बताया कि पहली पाली में 9 कार्मिक अनुपस्थित थे। जिनके खिलाफ सीडीओ अंकुर कौशिक ने अप्रैल माह के वेतन रोकने का निर्देश दिया है। वही दूसरी पाली के प्रशिक्षण में 14 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिनसे शनिवार शाम चार बजे तक स्पष्टीकरण मांगा गया है। नही तो उन लोगों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### कादीपुर में 10 तो दोस्तपुर में पांच बीघा गेहूं की फसल राख



कादीपुर आग से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

**कादीपुर/दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की सुबह से ही जिले की विभिन्न क्षेत्रों में आग ने कहर बरपाया। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर नमाजगढ़ के बझउवा गांव में आठ बजे गेहूं के खेत में विद्युत शार्ट सर्किट से आग की लपटे उठने लगी। ग्रामीणों ने विद्युत महकमे को सूचित कर आपूर्ति रुकवाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचित किया। जब तक ग्रामीण व सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया तब आग ने गेहूं की चार बीघा फसल राख हो चुकी थी। अग्निकांड में रानीपुर कायस्थ गांव निवासी सतीश श्रीवास्तव, सूबेदार पुरवा निवासी हृदय नारायण तिवारी, राम जियावन तिवारी, तुलसीराम तिवारी की गेंहू को फसल जलकर राख हो गयी है। अभी फायर ब्रिगेड बझउवा गांव से निकली ही थी कि अंदारायपुर के पंडित के पूरा में गेहूं के खेत में आग लग गई। आग की उठती लपटों को देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचित कर आग बुझाने में जुट गए। स्थानीय लोगों व फायर ब्रिगेड ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक नरसिंह नारायण मिश्र का तीन बीघे गेहूं राख हो चुका था। करीब साढ़े 10 बजे मोहम्मदाबाद गांव में शॉर्ट सर्किट से गेंहू की फसल में आग लग गई। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक सुरेंद्र सिंह व राम आशीष सिंह की लगभग तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दोस्तपुर थाना क्षेत्र के धतुरहा गांव में गेहूं के खेत में आग लग गई। आग की लपटों को देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक तीन बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। तीन बजे इसी थाना क्षेत्र के दूल्हापुर गांव के समीप गेहूं के खेत में आग लग गई। फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक गंगापुर भुलिया निवासी राम चरन की दो बीघे गेहूँ की फसल राख हो चुकी थी। स्थानीय प्रशासन ने राजस्वकर्मियो को भेज आग से हुई क्षति की आकलन कराया है।

### जानलेवा हमले के आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते माह रामगंज में जन सुविधा केन्द्र के संचालक रंजीत यादव पर जानलेवा हमला करने समेत अन्य आरोपों में भागीपुर निवासी आरोपी आशीष यादव की अग्रिम जमानत न्यायाधीश संतोष कुमार ने आरोपों को गंभीर मानते हुए खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक वादिनी साधना के पति रंजीत यादव रामगंज बाजार चौकी में जन सुविधा केन्द्र की दुकान किए हैं। उसके पति दिनांक 21 मार्च को रात्रि दुकान का कम्प्यूटर सिस्टम बन्द कर रहे थे। इतने में गांव के ही आशीष यादव, आदर्श यादव, संस्कार यादव, इंदल यादव अपने हाथो मे लाठी डंडे व सरिया लेकर दुकान में घुस गए और उसके पति को भद्दी-भद्दी गाली देते हुए दुकान के बाहर खींचकर जानलेवा हमला कर दिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आशीष यादव ने अग्रिम जमानत की अर्जी दी थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मनाली चंद्रा ने ग्रहण किया कार्यभार



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के कलेक्ट्रेट स्थित किशोर न्याय बोर्ड में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मनाली चंद्रा ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया है। वह 2018 बैच की जूनियर जज रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका मूल निवास पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ है। बताया कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) कानून के साथ संघर्ष में बच्चों (जेसीएल) से निपटने के लिए संबंधित प्राधिकरण है। जेसीएल का मतलब एक बच्चा है, जिस पर अपराध करने का आरोप है। श्रीमती चंद्रा ने बताया कि 2009 में अयोध्या से सुलतानपुर में किशोर न्याय बोर्ड का कार्यभार देखा जाने लगा। उन्होंने बताया कि सीआरसी के अनुरूप, किशोर को 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के रूप में पुन: परिभाषित किया गया है। पहले के कानून में किशोर को 16 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया था।

### एक घंटे में महिला की पर्स व सामान बरामद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस की सक्रियता के चलते एक घंटे के अंदर महिला की गायब हुई पर्स एवं लाखों रुपए का सामान बरामद कर लिया गया। शुक्रवार को दिन में लगभग साढ़े तीन बजे कोतवाली क्षेत्र के मखदुमपुर कला गांव की प्रियंका सिंह परिवहन निगम की बस से वाराणसी से आकर कादीपुर बस स्टेशन पर उतरी। बस से उतरने के बाद उन्होंने ई रिक्शा पर घर जाने के लिए बैठ गई। इसी बीच उनके पर्स गायब हो गई। पीड़िता के अनुसार पर्स में एक मोबाइल, एक सोने का चैन एवं 20 हजार रुपए नगद था। पीड़िता ने इसकी शिकायत प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह से की। कोतवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस बल के साथ खोजबीन शुरू कर दी। एक घंटे के अंदर ही पुलिस को सफलता मिली। गोपालपुर नवाजगढ़ के राजकुमार पाल जो महिला की पर्स पाए गिरी पाए थे। पुलिस को वापस कर दिया। पुलिस ने पर्स एवं उसे उसमें रखे सामान पीड़ित पीड़ित महिला को वापस कर दिया।

# बच्चों को शिक्षित कर रहा सेवा भारती

- शहर में गोलाघाट और करौंदिया में चल रहा बाल शिक्षा केंद्र

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आरएसएस से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा भारती ने शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की अनोखी पहल शुरू की है। गोलाघाट, करौंदिया समेत कई बस्तियों में निर्धन वर्ग के बच्चों को इकट्ठा करके पढ़ाने के साथ उनका नजदीकी विद्यालयों में नामांकन कराया जा रहा है।

कोतवाली नगर के गोलाघाट पर बांस का कार्य करने वाले (धरिकार बिरादरी) के बच्चों को शिक्षित करने के लिए सेवा भारती की ओर से कक्षाएं शुरू की गई हैं। सेवा भारती के जिला महामंत्री डॉ. सुनील त्रिपाठी ने बताया की राष्ट्रीय सेवा भारती की तरफ से महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसमें जो बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है, उनको शिक्षित किया जाएगा। सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री भी निशुल्क मुहैया कराई जा रही है। शुक्रवार की सुबह विभाग संचालक डॉ. एके सिंह ने गोलाघाट स्थित केंद्र पर पहुंचकर बच्चो को प्रेरणादायक बातें एवं कहानियां सुनाई। जिससे बच्चों के घर के लोग संतुष्ट हुए और बच्चों को पढ़ाने के लिए आगे आए। क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर भी केंद्र पर पहुंचे। कहा कि वर्तमान समाज में बच्चों को संस्कारवान बनाने की अति आवश्यकता है। उन्होंने इसकी स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



राष्ट्रीय सेवा भारती की बाल पाठशाला में पढ़ते बच्चे। अमृत विचार

# घर में घुसे चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

- थाना प्रभारी बोले- जल्द किया जाएगा चोरियों का खुलासा, चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चांदा कोतवाली के विभिन्न गांवों में सिलसिलेवार हो रही चोरियों से इलाके में दहशत व्याप्त हैं। स्थानीय पुलिस खुलासा करने में नाकाम है। गुरुवार रात देवाढ़ गांव के सुशील सिंह के घर भी चोरों ने ताला तोड़ कर 10 लाख रुपए के गहने व नगदी उठा ले गए। बीते सोमवार को संसद सुरक्षा में तैनात सिपाही मधुपुरी गांव के निवासी विपिन तिवारी के घर को चोरों ने निशाना बनाया था।

गुरुवार की रात देवाढ़ गांव के सुशील कुमार सिंह के घर में पीछे के रास्ते से चोर घुसे। पहले गेट, फिर घर के अंदर अलमारी का ताला तोड़कर सोने व चांदी के गहने और 15 हजार नगदी उठा ले गए। भुक्तभोगी सुशील कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि गहनों की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक की थी। इसके पहले सांसद सुरक्षा में तैनात सिपाही विपिन तिवारी के माता पिता घर में साए थे। चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर से घुसे। 10 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के गहने और दस हज़ार नगदी उठा ले गए। इस तरह से क्षेत्र में चोरियों का क्रम जारी है। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।



चोरी के बाद बिखरा सामान व टूटी अलमारी। अमृत विचार

तैयारी

21 अप्रैल से 29 जून तक जिले के पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अमहट में होगा प्रशिक्षण

# बदले आपराधिक कानून की उपनिरीक्षकों को दी जाएगी ट्रेनिंग

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भारतीय न्याय संहिता व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अलावा साक्ष्य संहिता 2023 में बड़ा बदलाव करने के बाद उसके बारे में प्रशिक्षण दिए जाने की शासन स्तर से तैयारी बनी है। भारतीय न्याय संहिता में कई नए आपराधिक कानून जैसे हत्या, हत्या के प्रयास व मारपीट में सामान्य चोट आदि के लिए कानून में बदलाव के बाद इसे एक जुलाई 2024 से लागू करने की तैयारी है। नए कानून को लागू होने से पहले उप निरीक्षकों के साथ अधिकारियों एवं अफसरों को पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अमहट में पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बृजेश मिश्र की देखरेख में 21 अप्रैल से 29 जून प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह प्रशिक्षण थानाध्यक्षों को छोड़कर सभी उप निरीक्षकों को दिया जाएगा। नए कानून को गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी के बारे में बताते हुए पुलिस अधीक्षक (पीटीएस) बृजेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में नियुक्त वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए अभी से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत हत्या, मारपीट, चोरी की धाराओं में बदलाव हुआ है। बताया कि पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, बनारस, तथा अयोध्या परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में आने वाले अंतर जनपदीय शाखा में नियुक्त कुल 2500 उप निरीक्षकों को पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अमहट में प्रशिक्षण सुलतानपुर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण केन्द्र अमहट बृजेश मिश्रा ने बताया कि पहले आईपीसी में हत्या के लिए 302 की धारा लगती थी। अब धारा 103 बीएनएस लगेगी। पहले हत्या के प्रयास में धारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 लगता था, अब धारा 109 बीएनएस लगेगा। पहले मारपीट में सामान्य चोट के लिए धारा-323 आईपीसी लगती थी, अब धारा -115 बीएनएस लगेगी। पहले लाठी डंडों से मारपीट में गंभीर चोट पर धारा 325 आईपीसी लगता थी, अब 117 बीएनएस की धारा लगेगी। पहले चोरी के लिए धारा 379 आईपीसी लगती थी, अब धारा 303 बीएनएस लगेगी। इसके साथ ही पहले डकैती के लिए धारा 395 आईपीसी लगती थी, अब धारा 310 बीएनएस लगेगा। इसी प्रकार पहले आईपीसी में संगठित अपराध, आतंकवाद तथा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के सम्बन्ध में कोई वर्णन नहीं था, लेकिन नए कानूनों में इन महत्वपूर्ण अपराधों के सम्बन्ध में भी उचित दण्ड की व्यवस्था की गई है।



आईपीएस ब्रजेश मिश्र।

### रैली में मेरा वोट मेरा भविष्य के गूंजे नारे

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप योजनान्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली कई ग्राम पंचायतों की ओर से निकाली गई। रैली में बैनर के साथ बच्चे परिसर से रवाना हुए। गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों ने 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, 'मेरा वोट, मेरा भविष्य' आदि के नारे लगाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में शिक्षक/शिक्षिकाओं ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है।

## एक नजर

### वांछित गो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गड़बड़ा पुलिया के पास से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने वांछित गो तस्कर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह के निर्देश पर एसआई बाली मौर्य मय हमराह हेड कांस्टेबल अनिल कुमार सिंह व राम अंजोर के साथ मुखबिर की सूचना पर गो तस्कर ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी करिया उर्फ रविशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। गो तस्कर कहीं भागने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा था ।इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि वांछित गो तस्कर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### शुआट्स की बांस की नर्सरी में फिर लगी आग

**नैनी।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवम विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के वानिकी विभाग की बांस की नर्सरी में शुक्रवार दोपहर एक बार फिर आग लग गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। सूचना पाकर नैनी फायर स्टेशन की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर कई घंटे बाद काबू पाया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आग को बिझायांजा रहा था। बताया जाता है कि पिछले माह भी इसी प्रकार वानिकी विभाग की नर्सरी में आग लगी थी। उसमे भी लाखों का नुकसान हो गया था।

### मवेशी को बचाने के चक्कर में दंपती समेत तीन घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी 25 वर्षीय दिनेश कुमार अपनी पत्नी 22 वर्षीय शीला व रिश्तेदार खरिहट गांव निवासी 27 वर्षीय रामबली के साथ ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के अमदह गांव में किसी शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से गये हुए थे कि शादी समारोह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बाइक से तीनों वापस लौट रहे थे कि जैसे ही हलिया ड्रमंडगंज मार्ग हरसड़ गांव में पहुंचे की अचानक बाइक सवार के सामने मवेशी के आ जाने के कारण बाइक सवार दंपती समेत तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने घायलों का उपचार किया है हालत में सुधार देखकर डिस्चार्ज कर दिया।

### मतदाता जागरूकता दिवस आयोजित

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार।** तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला अपराध निरोधक थाना कमेटी प्रभारी कोरांव नरेंद्र देव मिश्र के नेतृत्व में कोराव बाजार स्थित एक नर्सिंग होम में बैठक की गई, जिसमें समस्त वॉलिंटियर एवं कमेटी प्रभारी शफातअली एवं अस्पताल प्रबंधक डॉ अशोक मिश्रा ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। आम जनमानस को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि मतदान के इस महापर्व को सफल बनावे और अधिक से अधिक मतदान करके देश के हित में देश के निर्माण में अपना सहयोग दें। अंत में डॉक्टर अशोक मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत किया अभिनव प्रयास

**मिर्जापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आज कृषि विभाग के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन के एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप विशाल कुमार के निर्देशानुसार उप निदेशक कृषि के नेतृत्व में कृषि फार्म पिपराडाढ़ में फसल के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम का लोगो (प्रतीक चिन्ह)भारत निर्वाचन आयोग का लोगो बनाकर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सहयोग से कई विद्यालयों के बच्चों एवं अध्यापकों के द्वारा क्राप कटिंग पर बनाकर भारत निर्वाचन आयोग के लोगों/प्रतीक चिन्ह का प्रस्तुतीकरण किया गया।

# अतीक के नाम पर ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी

**पीडीए का गजब कारनामा**

**प्रयागराज, अमृत विचार।** माफिया अतीक अहमद जिंदा है। यह हम नहीं प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से माफिया अतीक अहमद के नाम से जारी की गयी नोटिस बता रही है कि अतीक अभी तक जीवित है। प्राधिकरण ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की चेतावनी दी है। पीडीए ने यह भी चेतावनी दिया कि आदेश पर अमल नहीं किया गया तो प्रयागराज विकास प्राधिकरण निर्माण को ध्वस्त कर देगा और आने वाले व्यय को अतीक अहमद से वसूल करेगा। पीडीए विभाग कि जारी इस नोटिस को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही है।

पीडीए कि इस गजब कारनामे से विकास प्राधिकरण चर्चा में है। एक वर्ष पहले पुलिस अभिरक्षा में गोलियों से भून दिए गए अतीक अहमद को अवैध निर्माण रोकने के लिए पीडीए ने नोटिस जारी किया है। दरअसल हाईकोर्ट चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा के पास उत्तर की पटरी के पास स्वामित्व वाले नजूल भूखंड संख्या 571/2 सिविल लाइंस स्टेशन नंबर दो और को 4 वर्ष पहले पीडीए ने ध्वस्त कर दिया था। अतीक अहमद की मौत के बाद उस भूखंड पर एक बार फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बाहर से टीन शेड लगाकर अंदर निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत मिलने के बाद पीडीए ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रोकने और खुद से ध्वस्त करने के लिए सचेत किया है। ज़ोनल अधिकारी की ओर से अतीक के नाम पर भेजे गए नोटिस में लिखा है कि 4 साल पहले 6 अगस्त 2020 को किए गए अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कारण बताने और अवैध निर्माण रोकने के लिए कहा गया था, लेकिन आपकी ओर से निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में बांग्ला नंबर 2 पर अवैध निर्माण को स्वयं ध्वस्त कर इस कार्यालय को सूचित करें। जनरल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने नोटिस में कहा है कि बांग्ला नंबर 2 अवैध निर्माण तत्काल हटा ले अन्यथा किसी भी दिन उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा।

> मृत माफिया के नाम से नोटिस नहीं जारी किया जा सकता है। इस मामले को देखा जाएगा अवैध निर्माण की सूचना है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अरविंद चौहान,** पीडीए, उपाध्यक्ष

> ध्वस्तीकरण के बाद वहां फिर से अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। ऐसे में भवन स्वामी के नाम से नोटिस जारी करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है नहीं था। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया जाएगा।
>
> **-संजीव कुमार उपाध्याय,** जोनल अधिकारी, पीडीए

## 20 व 25 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश : डीएम

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के प्राविधानों के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये लोकसभा चुनाव में मतदान से प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दिवस 20 एवं 25 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। इसके अतिरिक्त अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मताधिकार का उपयुक्त अवसर प्रदान किये जाने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह भी आदेश दिया कि मतदान दिवस के अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन कर्मचारियों से कार्य नहीं लिया जायेगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से पुत्र की मौत, पिता गंभीर

### मां बाराही देवी धाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय हादसा

**दुखद हादसा**

**ट्रेन से उतरते समय असंतुलित होकर गिरे पिता-पुत्र**

रानीगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** मां बाराही देवी धाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय पिता- पुत्र असंतुलित हो गए। इससे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन उसे सीएचसी रानीगंज में भर्ती कराया।

जनपद वाराणसी के 42 वर्षीय सुहैल अहमद अपने बेटे 18 वर्षीय हुजैफ के साथ वाराणसी से लखनऊ को जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन से मिर्जापुर चौहारी में स्थित अपने रिश्तेदार के घर आ रहे थे। शुक्रवार की देर शाम 7.50 बजे मां बाराही देवी धाम स्टेशन पर पहुंची थी। दोनों ट्रेन से उतरने लगे तभी असंतुलित होकर ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में हुजैफ की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, जबकि सुहैल गंभीर रूप से घायल हो गए। आस - पास के लोग दोनों को प्लेटफार्म पर ले आए। हुजैफा की सांस थम चुकी थी, जबकि सुहैल गंभीर रूप से घायल थे। उसे आनन- फानन में उपचार के लिए सीएचसी रानीगंज ले गए। एसओ रानीगंज आदित्य सिंह ने बताया कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है, एक घायल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## अश्लील गाना बजाने पर भिड़े बराती-घराती

**लालगंज, प्रतापगढ़ अमृत विचार।** द्वारपूजा के समय डीजे पर अश्लील गाने बजाने को लेकर हुए विवाद में बाराती-घरातियों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों तरफ से छह लोग घायल हो गए। लालगंज के पूरे कछवाहन नसीरपुर निवासी राम नारायण गौतम की बेटी प्रीती की कुसौली निवासी राजबहादुर बेटे दीवानचन्द्र से शादी तय हुई। गुरुवार शाम बारात आई थी। द्वारपूजा के दौरान डीजे पर अश्लील गाने को लेकर कहासुनी हुई। फिर बाराती और घरातियों में मारपीट शुरू हो गई और भगदड़ मच गई। दूल्हा सहित बाराती भाग निकले। मारपीट के कारण शादी नहीं हो सकी। मारपीट में घायल बाराती पक्ष की कुसौली की ज्ञानमती (40) उसका बेटा सुल्तान (20), 11 वर्षीय कैप्टन,शिवम (17), पट्टी कचेहरा निवासी अरविंद (38), सिराज (22) जख्मी हो गए। सभी को सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। शुक्रवार सुबह दोनों पक्ष के लोगों में समझौता हुआ। इसके बाद दोपहर में दू ल्हा व दुल्हन ने घुइसरनाथ धाम में सात फेरे लिए। मामले में किसी पक्ष से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। उदयपुर एसओ राधेबाबू ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस गांव गई थी। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर गांव में रहा सन्नाटा

**अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर अमेठी के दुर्गापुर में हुआ था भीषण हादसा**

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** अमेठी जिले के पीपरपुर के दुर्गापुर में बस व बोलेरो की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। इससे शुक्रवार को भी गांव में सन्नाटा छाया रहा। भोर में शव पहुंचा तो चार बजे जब शव दरवाजे पर लाया गया। शवों को देख कर परिजन बदवहाश हो गए।

नगर पंचायत अंतू के डंडवा निवासी बाबूलाल वर्मा मंगलवार को परिवार के लोगों के साथ सुलतानपुर में पीतांबर मंदिर दर्शन करने गए थे। वहां से वापस लौटते समय देर रात प्रयागराज- अयोध्या हाईवे पर अमेठी जिले के दुर्गापुर कस्बे में प्रयागराज से अयोध्या जा रही बस से टक्कर के बाद बोलेरो गड्ढे में पलट गई। जिससे बोलेरो सवार सभी लोग उसमें दब गए। बस के यात्रियों, ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से सभी को बाहर निकाला गया। जिसमें बाबूलाल उनके भाई अनन्तराम का बेटा जितेंद्र, बाबूलाल का नाती सचिन पुत्र शिवकुमार की मौत हो गई थी। जबकि शिवकुमार की पत्नी लालती देवी व शिवकुमार का दूसरा बेटा शिवशंकर व चतुरपुर निवासी बोलेरो चालक आशीष यादव गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा कर शवों को परिजनों को सौंप दिया। घटना को लेकर नगर पंचायत अंतू, पडोसी गांव उमरी, रामपुर उमरी,चतुरपुर बंडा आदि गांव में सन्नाटा रहा। शव दरवाजे पर लाने के कुछ ही घंटे बाद परिजन व रिश्तेदार शव के अंतिम संस्कार के लिए प्रयागराज रवाना हो गए। एसओ पीपरपुर रामराज कुशवाहा ने बताया कि बस परिवहन निगम की नहीं है। बस पर उत्तर प्रदेश परिवहन परमिट लिखा है। उसका कलर निगम जैसी बसों का है लेकिन जांच में वह बस निजी निकली। जिसका संचालन प्रयागराज से सुल्तानपुर अयोध्या के लिए होता है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


अंतू के डंडवा में शवों के पहुंचने के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**ससुराल पहुंची पत्नी, हुई बेहोश :** जितेंद्र की पत्नी अपने मायके में थी। उसे ससुराल के लोगों ने पति के एक्सीडेंट में घायल होने की सूचना दी थी। जब वह सुबह पिता व भाई के साथ ससुराल पहुंची, तो पति का शव देखकर दहाड़ मारने लगी। थोडी देर में वह बेहोश हो गई। जितेंद्र की बहन साधना उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन वह खुद ही नहीं संभल सकी। वह भी अचेत होकर गिर गई। हादसे का शिकार बाबूलाल का नाती सचिन पढने में मेधावी था।

# प्रयागराज में 7000 लोग किए गए पाबंद

**प्रयागराज, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पहले चरण की वोटिंग जारी है। देश के कई राज्यों में मतदाता अपना मतदान कर रहे हैं। प्रयागराज में आगामी मतदान से पहले कमिश्नट्रेट पुलिस ने अपनी कार्रवाई में तेजी लाना शुरू कर दिया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति भंग में चालान की बड़ी कार्रवाई जिले में हुई है। शहर में करीब 7 हजार लोगों को पाबंद किया गया है। इसके साथ-साथ पुलिस के रिकॉर्ड, सूचना संकलन के जरिए ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है जिनसे मतदान के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत हो सकती है। देहात क्षेत्र में यह कार्रवाई काफी तेजी से चल रही है। ताकि माहौल बिगाड़ने वाले लोगों पर निगरानी रखने के साथ कार्रवाई की जा सके।

शहर में विभिन्न थाने में 7000 लोगों को पाबंद किया गया है। उनमें से 4600 लोग करीब अपनी जमानत भी करा चुके हैं। मतलब वह जिला मजिस्ट्रेट के यहां पेश होकर हलफनामा दे चुके हैं, कि अब वह शरीफ नागरिक है। बहुत सारे ऐसे लोग भी हैं जिन्हे मुचलके पर छोड़ा गया है। इसके साथ 73 लोगों को गुंडा एक्ट के तहत नोटिस भेजी जा चुकी है। जिसमें 33 लोग ऐसे हैं, जो माफिया गैंग से जुड़े हैं या फिर अतीक-अशरफ के करीबी है। लोकसभा चुनाव में लाइसेंसी असलहों को जमा करने की प्रक्रिया भी तेजी से की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड में अब तक 42000 लाइसेंस है। सभी असलहों को जमा कराए जाने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। अब तक जिले में 32000 असलहे जमा किए जा चुके हैं। बहुत से लोगों ने असलहों को न जमा करने के कारण प्रार्थना पत्र लगाए हैं। कई मामले में कोर्ट तक पहुंचे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर असलहा न जमा करने की छूट दी गई है।

लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। इसको लेकर पुलिस टीम काफी सक्रिय है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने इसके लिए आईटी सेल की तीन टीमों का गठन किया है। यह टीम जिले भर में सोशल मीडिया की गतिविधियों पर निगाह रख रही है।

## हाइटेंशन तार की चिंगारी से 5 बीघा गेहूं की फसल जली

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** गुरूवार को साम 6 बजे पवांरी कलां गांव में किसान दिनेश सिंह का दो बीघा व गांव निवासी लखंदर केशरी, विटाऊ केशरी व कमलेन्दर सिंह किसानों के पांच बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल विद्युत चिंगारी से जलकर राख हो गई ।दरअसल, खेत में होकर ग्यारह हजार हाईटेंशन लाइन जा रही है। लाइन के तार जमीन से 5 फिट पर 6 विद्युत पोल का तार लटक रहा है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा कई बार विद्युत विभाग में किए जाने के बाद भी संज्ञान नही ले रहा है। तार ढीला होने के कारण आपस में टकराते हैं जिससे चिंगारी निकलती है। आग लगने की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया था, लेकिन तब तक फसल जलकर राख हो गई। इसी ढीले तार पर सिकटा के अतरी दक्षिण गांव में गौरीशंकर पांडे के गेहूं कि फसल बुधवार को जली थी जिसकी खबर भी प्रकाशित किया गया इसके बावजूद भी विजली विभाग मूक दर्शक बना रहने के कारण आज की घटना मे सैकड़ों कुंतल गेहूं की तैयार फसल जल कर राख हो गयी है किसानों का आरोप है कि सिकायत के बावजूद विजली विभाग के लापरवाही से आग जनी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

# कौंधियारा में आग से 20 बीघा गेहूं राख

**बारा के डाड़ो में खेत में पराली जलाने से हुई दुर्घटना**

**नैनी, अमृत विचार।** यमुना नगर में शुक्रवार को आग से किसानों का काफी नुकसान ही गया। बारा के गांव डाड़ो में पराली जलाने से उसकी चिंगारी ने तीन किलोमीटर दूर गेहूं की फसल को राख कर दिया। वहीं भमोखर गांव में घर में रखा भूसा जलकर राख हो गया।

बारा के डाड़ो गांव में शुक्रवार दोपहर पराली जलाई गई थी। बताया जाता की तेज हवा के कारण यहां से चिंगारी उसकर तीन किलोमीटर दूर गेहूं में खेत में पहुंच गई और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर गौहानियां फायर स्टेशन से दमकल गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग बुझाना शुरुं किया। बाद मे फायर स्टेशन नैनी से भी गाड़ी वहां पहुंची और आग बुझाने में काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक किसान शंभू लाल यादव समेत अन्य किसानों का 20 बीघा से अधिक फसल जलकर राख हो गई। उधर कौंधियारा के भामोखर गांव निवासी रमेश चंद्र पांडेय के मकान में रखे भूसे में आग लग गई।

**तैयारी** विभिन्न परीक्षाओं की नि :शुल्क तैयारी कराएगा मॉडल यूपीएस कटरा गुलाब सिंह

# हाईटेक तकनीक से लैस हुआ मॉडल यूपीएस

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।:** जिले का इकलौता हाईटेक एवं डिजिटल तकनीकी से युक्त विद्यालय मॉडल यूपीएस कटरा गुलाब सिंह सभी आधुनिकतम संसाधन से युक्त है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर विभागीय कार्य बाधित न हो इसके लिए यहां के राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मो. फरहीम ने विद्यालय में वाई-फाई कनेक्शन भी करवा दिया है।

इस विद्यालय में 16 सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी, इंटर एक्टिव डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, इनवर्टर, सोलर पैनल,ब्राड बैंड आदि की व्यवस्था की गई है। स्कूल का निरीक्षण उच्च अधिकारियों के द्वारा कंप्यूटर व मोबाइल से बैठे-बैठे कहीं से भी किया जा सकता हैं। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में बच्चों को अत्यधिक लाभ के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। यशस्वी, श्रेष्ठा,अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा आदि की तैयारी विद्यालय में ही निःशुल्क कराई जाती है।अभिभावकों और क्षेत्र में विद्यालय की सराहना होती रहती है। यहां किसी भी प्रकार की समस्या के लिए अभिभावक विद्यालय समय में 05342 297 840 पर कॉल कर संपर्क कर सकते हैं। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने शिक्षक मो.फरहीम सहित सभी शिक्षकों को बधाई दी है।


सीसीटीवी, ब्राड बैंड आदि से युक्त मॉडल यूपीएस कटरा गुलाब सिंह। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मैं कहीं नहीं गया था, भाजपा मेरे हृदय में है : पप्पन


भाजपा कार्यालय पर जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह। अमृत विचार

**प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय टेउंगा पर शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल,जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने किया। समारोह में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन समेत अन्य नेताओं की भाजपा में वापसी कराई गई। निकाय चुनाव में निर्दल प्रत्याशी का समर्थन करने पर अभय प्रताप सिंह को भाजपा से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया था। लोक सभा चुनाव में कौशाम्बी संसदीय सीट से विनोद सोनकर को पुन: प्रत्याशी बनाये जाने के बाद अभय की पार्टी में वापसी की पहल शुरू हो गई थी। कुण्डा व बाबागंज क्षेत्र में लोगों में जमीनी पकड़ मजबूत रखने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य क्षमा सिंह के पति अभय प्रताप सिंह की बकायदा पार्टी में वापसी कराई गई। पार्टी में वापसी के बाद अभय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा मेरे हृदय में है,मैं कहीं नहीं गया था। पार्टी के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए मैं मौन था। जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल,जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने पटका पहनाकर पार्टी मे पुन: वापसी कराई।

### चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण सहित नकदी की पार

**जौनपुर।** जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के रासीपुर गांव में बीती रात को चोर एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण व 50 हजार रुपया नगद उठा ले गए। जिस समय चोरों ने घटना को अंजाम दिया, जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुदामा यादव व उनकी मां सुबह 5 बजे भोर में उठे देखा तो घर के एक कमरे का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। लोगों को टूटा हुआ ताला दिखाई दिया तो लोगों को शंका हुई। जब जाकर अन्दर देखे तो अलमारी खुली थी, बड़ा बक्सा खुला हुआ था, घर में रखे तो छोटे बक्से भी नही दिखाई दिये। लोग तुरन्त बाहर आकर खोजना शुरू किये। घर के पीछे 100 मीटर की दूरी दोनों बक्से फेंके मिले। बक्से में रखा सारा सामान खेत में बिखरा था और उसमें रखे कीमती सामान उठा ले गए थे। इन सब घटनाओं को देखते हुए सुदामा यादव शोर मचाया। शोर सुनकर गांव वाले मौके पर पहुंचे। सुदामा द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयीइस घर में दो बार और हो चुकी है चोरी

### मेरे पति जेल से बाहर होते तो नजारा कुछ और होता : श्रीकला


चुनाव प्रचार करतीं श्रीकला धनंजय सिंह। अमृत विचार

**जौनपुर।** बसपा प्रत्याशी श्रीकला धनंजय सिंह ने शुक्रवार को पूरे लाव लश्कर और भारी संख्या में पार्टी के नेताओं व समर्थको के साथ जिले में पहुंचकर अपने चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया। जनपद सीमा में दाखिल होते ही पार्टी प्रत्याशी का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। श्रीकला का कारवां नगर में पहुंचकर जेसिज चौराहे के पास एक मैरेज लॉन में एक जनसभा में तब्दील हो गया। यहां पर पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों ने सभा को सम्बोधित करते हुए लोकसभा उम्मीद्वार श्रीकला को भारी मतो जीताने का आवाह्न किया। सभा के बाद श्रीकला धनंजय सिंह ने एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि मेरे पति पिछले 25 वर्षो से जनता की सेवा किया हैं वे नि :स्वार्थ भाव से गरीबों मजलूमों का वगैर भेदभाव के कार्य करते रहे है। जिसके कारण मुझे इस चुनाव हर वर्ग समुदाय का आर्शीवाद मिलेगा। श्रीकला ने कहा कि हम शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क पानी के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही हूं। यही उद्देश्य मेरे पति धनंजय सिंह और ससुर राजदेव सिंह का रहा है। इस मौके पर बसपा के वराणसी मण्डल प्रभारी बुझारत राजभर,अमरजीत गौतम, रामफेर गौतम अजय कुमार भारतीय, पूर्व एमएलसी प्रभावती पाल, विरेन्द कुमार चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टण्डन, बरिष्ठ बसपा नेता डा0 लालबहादुर सिध्दार्थ , जिला प्रभारी ओमप्रकाश गौतम, शोभनाथ चौधरी, जिलाध्यक्ष संग्राम भारतीय समेत भारी संख्या में बसपा के नेता कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### 'भारतीय समाज का दर्पण के रूप में नारी' का प्रकाशन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मिशन शक्ति के अन्तर्गत द्वितीय संस्करण भारतीय समाज का दर्पण के रूप में नारी, कालिन्दी प्रकाशन में प्रकाशित हुई। जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समर्पित है | वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वन्दना सिंह ने पुस्तक के प्रकाशन पर शुभ कामनाएं दी हैं । पुस्तक की संपादक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव एवं सह सम्पादक डॉ पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि पुस्तक में नारी समाज, सम्मान , सुरक्षा व स्वावलंबन को बखूबी चित्रण किया है । इस पुस्तक में कुल 27 अध्याय हैं, जिसका लेखन विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विद्वत जनों ने किया है। मिशन शक्ति समन्वयक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। नि :सन्देह यह पुस्तक नारी समाज का आइना दिखाने में कारगर साबित होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो .वंदना राय, प्रो . अजय प्रताप सिंह, प्रो .राजेश शर्मा, प्रो . देवराज सिंह, प्रो .प्रदीप कुमार, प्रो . राजकुमार, प्रो . मनोज मिश्र, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौरआदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### बच्ची को अगवा कर बेरहमी से हत्या करने वाला गिरफ्तार

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में मां के साथ घर में सो रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची को अगवा कर बेरहमी से हत्या करने वाला उसका चचेरा चाचा निकला। वारदात के 48 घंटे के अंदर हंडिया पुलिस ने शुक्रवार को हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों के सामने पुरे मामले को डीसीपी गंगानगर ने बताया कि वेजाइनल स्वॉब की रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएंगी और इसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र में हुई डेढ़ साल की मासूम बच्ची की हत्या के आरोप में सूरज उर्फ लल्ली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूरज और उसके चचेरे भाई में मारपीट की नौबत आ गई थी। इससे सूरज की पत्नी नाराज होकर अपनी बेटियों को लेकर मायके चली गई। इसी बात से सूरज नाराज था। वह बदला लेना चाहता था।

### घरातियों ने बराती को पीटकर किया घायल, दो पर मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में सोनभद्र से आई बारात में किसी बात को लेकर घरातियों एक बाराती को लाठी डंडे से मारपीट दिया, जिससे बाराती का सिर फट गया ।इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। सोनभद्र के घोरावल थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी मोहन लाल का 30 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार गौड़ ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में पप्पू के यहां गुरुवार को बरात में आया था कि घराती पप्पू व राजकुमार मिलकर लाठी डंडे से पिटाई कर दिया जिससे दिनेश का सिर फट गया और पूरे बदन में चोटे आई हैं ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट करने वाले दोनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है ।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि सिर में गंभीर चोट लगने से प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में बाइक सवार दो लोग घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के देवरी विद्युत उपकेंद्र के पास गुरुवार की देर रात में बाइक सवार गुर्गी गांव निवासी 19 वर्षीय राजेश बाइक से महोखर गांव में शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे कि सड़क पर बने गड्ढे को बचाने के चक्कर में बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पंहुची एंबुलेंस सेवा 102 के ईएमटी दीपक पाल व पायलट दिलीप कुमार ने बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। इसी प्रकार दूसरी घटना महुगढ गांव में घटी बाइक सवार महुगढ गांव निवासी 28 वर्षीय अरविंद पांडेय अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे बाइक सवार से आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पंहुची एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी शिवम पाल व पायलट राजू ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये।

